चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 292, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 22 नवंबर 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गहलोत के खिलाफ मानहानि मामला: मामले पर सुनवाई 5 दिसंबर को

**नई दिल्ली**
दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आज केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ दर्ज मानहानि मामले में आरोप तय करने के मामले पर आंशिक दलीलें सुनीं। मामले की अगली सुनवाई 05 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए जबकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पेश नहीं हुए। अशोक गहलोत ने आज कोर्ट से पेशी से छूट की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से पेश वकील विकास पाहवा ने दलील रखते हुए कहा कि अशोक गहलोत के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त तथ्य हैं। 16 अक्टूबर को अशोक गहलोत की ओर से पेश वकील रमेश गुप्ता ने हाई कोर्ट में लंबित केस से जुड़े दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेने की मांग की थी। रमेश गुप्ता ने कहा था कि अशोक गहलोत ने शिकायतकर्ता के खिलाफ जो भी बोला है वो सत्य बोला है। उन्होंने कहा था कि शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह शेखावत से एफआईआर नंबर 32/19 में पूछताछ की गई थी। उन्होंने कहा था कि जो तथ्य हैं उससे साफ है कि गजेंद्र सिंह शेखावत आरोपित हैं और उसकी जांच स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) कर रही है।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आज धरना प्रदर्शन

**नई दिल्ली**
पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ और सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ बुधवार को जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ से सम्बन्ध "सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ" महासचिव साधू सिंह ने बताया कि विगत कुछ वर्षों में कई राज्य सरकारों ने अपने कर्मचारियों को दोबारा से पुरानी पेंशन स्कीम को लागू कर एनपीएस को समाप्त किया है। इससे बाकि प्रदेशों और केंद्र सरकार के कर्मचारियों में यह उम्मीद जागृत हुई कि हमारे बारे में सरकार कुछ सोचेगी।

# 'राजस्थान में अराजकता और अशांति की स्थिति'

## धार्मिक यात्राओं पर हमले इसलिए नहीं रुकते हैं, क्योंकि दंगो के आरोपित मुख्यमंत्री के आवास पर दावत करते हैं: मोदी

**नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के करौली में मंगलवार को पार्टी की तीसरी विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को घेरा। राजस्थान में धार्मिक यात्राओं पर पत्थरबाजी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि ये हमले इसलिए नहीं रुकते हैं, क्योंकि दंगो के आरोपित मुख्यमंत्री के आवास पर दावत करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो अपराधियों को दावत देती है, क्या वो कांग्रेस आपकी रक्षा कर सकती है? मोदी ने कहा कि कांग्रेस के जादूगर साहब अब कुछ ही दिनों के लिए सीएम की कुर्सी पर हैं। मोदी ने कहा, राजस्थान में अराजकता और अशांति की स्थिति कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की पहचान है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून का शासन कायम नहीं है, जिससे इसकी पूरी आबादी का जीवन खतरे में है। मोदी ने कहा, कांग्रेस के नेतृत्व वाले राजस्थान के जादूगरों और दिल्ली के बाजीगरों में एक बात समान है, धोखे और झूठ का इरादा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की जनता को कांग्रेस के पंजे से सावधान करते हुए कहा कि कांग्रेस के पंजे ने राजस्थान के लोगों को त्रस्त कर दिया है। इसलिए जनता ने भी ठान लिया है कि अब कांग्रेस को वापस नहीं आने देना है। राजस्थान के विकास की स्थिति पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भाजपा सभी के विकास को बढ़ावा देती है, मजबूत बुनियादी ढांचे को सक्षम करती है और भारत की अर्थव्यवस्था में राजस्थान राज्य के उत्थान और योगदान को बढ़ावा देती है।" उन्होंने कहा कि 'गरीब कल्याण' पर ध्यान केंद्रित करते हुए भाजपा विभिन्न योजनाओं के लाभों को पूर्ण संतृप्ति तक पहुंचाकर सभी को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "यह सभी के सच्चे विकास, किसानों के सशक्तिकरण और राजस्थान की महिलाओं की सुरक्षा के लिए मोदी की गारंटी और आश्वासन है।'



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में किया रोड शो

**जयपुर**
**राजस्थान** विधानसभा की 199 सीटों के लिए एक ही चरण में 25 नवंबर को वोट डाले जाने हैं। चुनाव नतीजे 03 दिसंबर को आने हैं। राजस्थान चुनाव के लिए प्रचार में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार शाम जयपुर में मेगा रोड शो किया। मोदी एक घंटे सोलह मिनट में ओपन जीप में चार किलोमीटर चले। जीप में मोदी के साथ प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी भी मौजूद रहे। रोड शो में लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो सांगानेरी गेट से शाम 6.25 बजे शुरू हुआ।

## कांग्रेस की पहचान है कर्फ्यू-दंगा: सीएम योगी

### राजस्थान में बिक रहा सबसे महंगा पेट्रोल-डीजल

**डूंगरपुर/चित्तौड़गढ़/भीलवाड़ा**
यूपी के साथ ही राजस्थान के दिल में भी योगी आदित्यनाथ उतर गए। मंगलवार को चुनावी समर में कमल खिलाने का आह्वान करने पहुंचे सीएम योगी को देखने-सुनने छतों से लेकर रैलियों तक हजारों की भीड़ उमड़ी रही। भीलवाड़ा में



योगी आदित्यनाथ की रैली में यह संख्या लगभग 50 हजार से अधिक की रही। वहीं बुलडोजर बाबा, योगी-योगी, देखो-देखो शेर आया की गूंज से अन्य रैलियां गूंजती रहीं। मंगलवार को सीएम ने पांच रैलियां कर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। कांग्रेस लगातार सीएम योगी के निशाने पर रही। उन्होंने कहा कि विकास में बैरियर माफिया पांच वर्ष में यहां न जाने कहां से पैदा हो गए, जबकि उप्र के दंगाई नरक लोक की यात्रा पर गए हैं। अब उन्हें मनुष्य लोक नहीं मिलने वाला है। सीएम योगी ने डूंगरपुर से भाजपा उम्मीदवार बंशीलाल कटारा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी में जबसे भाजपा सरकार आई, अयोध्या में दीपोत्सव पर लाखों दीप जलते हैं।

## मैं इंजीनियर हूं, काम करना आता है, राजनीति नहीं : केजरीवाल



**अलवर/सीकर**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं इंजीनियर हूं, काम करना आता है, राजनीति नहीं। पंजाब और दिल्ली में आप की सरकार हैं। यह छोटी सी पार्टी है। दस साल पहले बनी थी। दस साल में दो राज्यों में सरकार है। इन राज्यों में आपके रिश्तेदार होंगे। दिल्ली-पंजाब के लोग अगर कह दें कि खुश हैं तो वोट देना, वरना मत देना। केजरीवाल मंगलवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए राजस्थान आए। पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ उन्होंने रोड शो और जनसभाएं कीं। दोनों नेताओं ने अलवर के थानागाजी और सीकर के नीमकाथाना में आप प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की। अलवर के थानागाजी में दोपहर करीब दो बजे अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ हेलिकॉप्टर से पहुंचे। यहां रोड शो के दौरान केजरीवाल ने बाबा भृर्तहरि के जयकारे लगवाए। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली-पंजाब में हमने बिजली मुफ्त कर दी है। दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। दिल्ली में शानदार स्कूल बनाए हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं थानागाजी में आपका वोट लेने नहीं आया, ये कहने आया हूं कि मुझे एक मौका दे दो। आपके बच्चों का भविष्य बना दूंगा। किसी पार्टी ने स्कूल-अस्पताल नहीं बनाए।

## बचाव अभियान: भाई से बोला सुरंग में फंसा फोरमैन, चिंता न करो..जल्द बाहर मिलेंगे

**उत्तरकाशी**
उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान 10वें दिन भी जारी है। मंगलवार को पाइप से एंडोस्कोपिक कैमरे को भीतर पहुंचाया गया। इस दौरान कैमरे से टनल के भीतर फंसे हुए श्रमिकों की तस्वीर दिखाई। इस दौरान भीतर फंसे फोरमैन सबा के भाई ने उनसे बात की। फोरमैन ने भाई को कहा कि 'बाहर हमारे जो भी घरवाले हैं सबको सलाम। यहां हम ठीक हैं। खाने के लिए भी समय पर मिल रहा है। ऑक्सीजन भी मिल रही है। हमें उम्मीद है कि एक दो दिन में हम बाहर आ जाएंगे'।



**मजदूरों को भेजे गए संतरे**: सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को छह इंच के पाइप से फल भेजे गए हैं। अंदर फंसे मजदूरों के परिजनों का कहना है कि उन्हें खुशी है कि अंदर फंसे सभी लोग सुरक्षित हैं और उन्हें दसवें दिन फल भेजे गए हैं। टनल के भीतर रात तीन बजे छह इंच की पाइप लाइन ब्लॉक हुई थी, जिसे फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पानी के प्रेशर से साफ किया। इसके बाद ही कैमरा अंदर जा पाया। वहीं एसजेवीएन की मशीन दोपहर तक टनल के ऊपर पहुंचने की उम्मीद। शाम या रात को शुरू हो सकती है वर्टिकल ड्रिल।

## कांग्रेस को झटका: यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति अटैच

**नई दिल्ली**
**प्रवर्तन नि**देशालय (ईडी) ने सोनिया गांधी परिवार की कंपनी यंग इंडियन की देश भर में फैली करीब 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने यह कार्रवाई हेराल्ड हाउस व कांग्रेस के अन्य प्रकाशन संस्थान से जुड़े मामले में की है। हेराल्ड हाउस का मामला न्यायालय में लंबित है और इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत उनके अनेक नजदीकी कांग्रेस पदाधिकारी जमानत पर हैं। आर्थिक अपराध की जांच करने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने एक बयान में कहा



है कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई जांच के बाद यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 751.9 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच करने का आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी और विशेषकर जवाहर लाल नेहरू ने स्वतंत्रता प्राप्त होते ही दि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) बनाकर उसके माध्यम से नेशनल हेराल्ड और नवजीवन नामक अखबार शुरू किए। नब्बे के दशक में यह दोनों अखबार बंद हो गए। पर कांग्रेस के दौर में अखबार निकालने के नाम परभारत के कई शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में जमीनें आवंटित की गईं। अखबार बंद हो जाने के बाद एक योजना बनाकर दि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का कर्ज उतारने के लिए गांधी परिवार ने यंग इंडियन नामक कंपनी बनाई और एजेएल को कांग्रेस के फंड से 90.21 करोड़ रुपये का कर्जा दिया, फिर कर्जा न लौटा पाने पर यंग इंडियन को ही उसका मालिकान हक सौंप दिया।

## फिलिस्तीनी जनता के अधिकारों और भविष्य पर समान महत्व दिया जाए: जयशंकर



**नई दिल्ली**
विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा है कि मौजूदा फिलिस्तीन संकट के साथ आतंकवाद, गाजा में मानवीय स्थिति और फिलिस्तीनियों के अधिकारों के लिए दो देश समाधान से तीन महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इन पर समान रूप से महत्व दिया जाना चाहिए। जयशंकर ने आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ मंगलवार को एक संयुक्त वार्ता में कहा कि फिलिस्तीन संकट का अपना एक इतिहास है तथा यह बहुत जटिल समस्या है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को इजराइल में आतंकवादी हमले की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई। आतंकवाद को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि गाजा में मानवीय संकट बहुत विषम है तथा वहां यथाशीघ्र मानवीय सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने फिलिस्तीन के बारे में भारत के सतत रवैये को दोहराते हुए कहा कि फिलिस्तीन जनता के अधिकारों और भविष्य के लिए दो देश समाधान आवश्यक है। आस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री ने कहा कि दो देश समाधान के तहत फिलिस्तीन की सीमायें क्या होंगी, इसका निर्धारण विचार-विमर्श के आधार पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल द्वारा यहूदी बस्तियां बसाए जाना अंतरराष्ट्रीय नियम के खिलाफ है। इसका आस्ट्रेलिया विरोध करता है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने फिलिस्तीन संकट पर विचार करने के लिए ब्रिक्स संगठन की मंगलवार को आपात बैठक बुलाई है।

## 'पराली जलाने वालों को एमएसपी नहीं दिया जाना चाहिए'

**नई दिल्ली**
कोर्ट के आदेश के बावजूद पंजाब में पराली जलना बंद न होने पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि जो किसान पराली जला रहे हैं, उन्हें कोई आर्थिक लाभ क्यों मिलना चाहिए। जिन्होंने पराली जलाई है और रेड फ्लैग हैं, उन पर एफआइआर दर्ज होने और जुमार्ना लगाने के अलावा ऐसे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के लाभ से वंचित किया जाना चाहिए। सरकार को कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे उनकी जेब पर चोट हो।



**'जब हरियाणा कर सकता है तो पंजाब क्यों नहीं'**
कोर्ट ने पराली जलने से रोकने में पंजाब सरकार के रवैये पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब हरियाणा कर सकता है तो पंजाब क्यों नहीं कर सकता। कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि वह अगली तारीख पर बताएगी कि उसने पराली जलाने पर कितने किसानों पर जुमार्ना लगाया और उसमें से कितना वसूला गया।

**'इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए'**
कोर्ट ने इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। एक-दूसरे पर आरोप मढ़ने या एक को दूसरे से तुलना नहीं की जानी चाहिए।
केंद्र और राज्य को राजनीति भूल कर दीर्घकालिक हल ढूंढना चाहिए। ये टिप्पणियां, सुझाव और आदेश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के मामले पर सुनवाई के दौरान दिये।

## उद्योगपतियों ने ममता सरकार की उद्योग नीति की सराहना की

**कोलकाता**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के सातवें संस्करण की शुरूआत मंगलवार से हो गई है। पहले दिन रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। उन्होंने यह भी बताया है कि औद्योगिक समूह ने पिछले बंगाल में 45 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल के माहौल की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि बंगाल के विकास को गति देने में रिलायंस कोई कसर नहीं छोड़ेगी। रिलायंस फाउंडेशन कोलकाता के प्रतिष्ठित कालीघाट मंदिर के "असली गौरव" की बहाली के लिए उसके नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार का काम करेगा।

## योगी ने लापरवाही पर 7 मंडलायुक्त और 7 जिलाधिकारियों से किया जवाब तलब

### संतोषजनक जवाब न मिलने पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई, अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक में सामने आयी लापरवाही

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर राजस्व वादों के निस्तारण में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्टूबर माह में राजस्व वादों के खराब निस्तारण पर प्रदेश के सात मंडलायुक्त और सात जिलाधिकारियों से जवाब तलब किया है।



वहीं माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक जवाब न मिलने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जा सकता है।

**इन जिलों के मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों से जवाब तलब**
अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजस्व वादों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। साथ ही विशेष अभियान की हर मंगलवार को शासन स्तर पर समीक्षा करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक में पाया गया कि प्रदेश के सात मंडलायुक्त (वाराणसी, सहारनपुर, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट धाम, अयोध्या, अलीगढ़) और सात जिलाधिकारी (बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, चित्रकूट, ललितपुर, अमरोहा) द्वारा राजस्व के लंबित और नये वादों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने लापरवाह अधिकारियों से जवाब तलब किया है। साथ ही लम्बित राजस्व वादों का मानक एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक न मिलने पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

**वाराणसी मंडल में 440 लंबित वादों के सापेक्ष 82 मामलों का ही हुआ निस्तारण**
अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि प्रदेश के पांच मंडलों में लंबित मामलों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी मंडल में चार राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 440 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 82 वादों का ही निस्तारण किया गया। इसी तरह सहारनपुर मंडल में चार राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 280 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 54 वादों का ही निस्तारण किया गया जबकि आजमगढ़ मंडल में पांच राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 481 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 126 वादों का ही निस्तारण किया गया।

# सहकार से समृद्धि विषय पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

## इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक शाखा-मेजा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** भइयां ग्राम में सहकार से समृद्धि विषय पर संवाद आयोजित किया गया इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक शाखा -मेजा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों को वित्तीय प्रबंधन एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया। न्याय पंचायत स्तर पर स्थापित सामुदायिक प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ( बी-पैक्स )लैम्प्स लिमिटेड का उद्देश्य अब केवल उर्वरक तक ही सीमित नहीं है। बल्कि वह ग्रामीणों को आर्थिक रूप से मदद करने में सहायक केंद्र के रूप में परिभाषित होगी। इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक -जाहिद फसीही ने बताया कि समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कोआपरेटिव बैंक एवं सहकारी समितियों को डिजिटल किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है कि न्याय पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य बीमा, सहित किसान क्रेडिट कार्ड, एवं लघु उद्योग हेतु ऋण भी उपलब्ध करवाया जायेगा जिसका ब्याज दर मात्र 3प्रतिशत होगा। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित साधन सहकारी समिति पथरा के अध्यक्ष जगनायक मिश्र ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर जितने भी ग्रामीण कृषक हैं सभी को समिति का सदस्य बनना चाहिए। ग्रामीण महिलाओं को सरल शब्दों में संबोधित करते हुए नाबार्ड से अधिकृत सदस्य शशिबाला श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए क ?ई प्रकार की योजनाएं बनाई गई हैं।जो भी महिला उद्यमी किसी भी तरह का उद्योग लगाना चाहती हैं साधन सहकारी समिति (बी-पैक्स) में सदस्य बनकर लाभ ले सकती हैं। कार्यक्रम स्थल पर विमला देवी, संगीता देवी, अंजना,विटोला, तौलन प्रसाद दूबे, संदीप कुमार दूबे, अजीत कुमार,सुग्गन, रामसजीवन, सुरेश कुमार, आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भारत सरकार द्वारा आगामी रबी विपणन में गेंहू के समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि

### समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुन्तल किया गया निर्धारित

**प्रयागराज।** सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी, प्रयागराज सम्भाग भीमा चन्द गौतम ने बताया है कि सचिव, भारत सरकार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 07.11.2023 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ उपज हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुन्तल का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि गतवर्ष गेहूँ का समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति कुन्तल था जिसमें 150 रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि करते हुये वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय करने के उपरान्त किसान के खाते में सीधे पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से 48 घण्टे में भुगतान किया जाता है।

# रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों में छिपी कला का होता है निखार -सुशांतु पांडेय



**मेजा।** रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों को उनके अंदर छिपी हुई कला को निखारने का मौका मिलता है।उक्त बातें सोमवार को एसजीटी पब्लिक स्कूल मेंडरा में रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी(समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय ने बच्चों को सम्मानित करने के दौरान कही।उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल में आयोजित किसी भी प्रतियोगिता में भाग अवश्य लेना चाहिए।बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल को बढ़ावा देते हुए वालीबॉल और फुटबॉल संस्था के प्रिंसिपल पवन तिवारी को भेंट की। गौरतलब है कि गत दिवस दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया था। टीम कैप्टन काजू यादव,सबा आफरीन,आयुष सिंह,अनुष्का सिंह और श्रेयांस यादव को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके पूर्व प्रिंसिपल ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकर स्वागत किया।संचालन वाइस प्रिंसिपल जया सिंह ने किया।इस मौके पर सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

# दर्जनों सपा कार्यकताओं ने पार्टी का दामन छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार के संघर्षशील अध्यक्ष अरूण तिवारी ने सपा के जिला सचिव गजेन्द्र तिवारी सहित दर्जनों सपा कार्यकताओं को कांग्रेस का पट्टा पहना कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवाई जिला अध्यक्ष अरूण तिवारी ने कहा कि आज समय की मांग है सब लोग कांग्रेस के झण्डे के निचे आकर देश को गर्द में जाने से बचाएं साम्प्रदायिक ताकतों को मुंह तोड़ जबाव दे शहर कांग्रेस कमेटी के उजार्वान अध्यक्ष प्रदीप अंशुमन मिश्र ने कहा कि क्षेत्रीय दलों से जनता ऊब चुकी है पुराने घर वापसी पर नेताओं का स्वागत है सपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन पकड़ते हुए समाजवादी पार्टी के जिला सचिव गजेंद्र तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सब का साथ और देश का विकास चाहती है सपा की नितियों से हम सब आजिज आ चुके थे सपा के वरिष्ठ नेता सन्तोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आज भी राष्ट्र नेता है जो देश का विकास व हित चाहते हैं सपा नेता भगौती प्रसाद मिश्र ने कहा कि मैं साथियों सहित कांग्रेस पार्टी में सकून महसूस कर रहा हूँ व प्रसन्न हूँ आज सपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन पकडने वाले नेताओं कार्य कर्ताओ को कांग्रेस की नितियों सिद्धांतों के बिना में बताने वालों में सर्व श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष डा दिनेश कुमार सोनी पी सी सी विवेक पाण्डेय जीविनय पाण्डेय नागेश पाण्डेय जिला सचिव प्रकाश पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र द्विवेदी संगम पटेल ब्लॉक अध्यक्षआशीष कुमार मिश्र नीरज नेता आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक्यूप्रेशर संस्थान का 25वाँ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 23 से

**झूंसी।** एक्यूप्रेशर संस्थान का 25वाँ राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 23 नवम्बर को छतनाग स्थित माता प्रसाद खेमका एक्यूप्रेशर महाविद्यालय में आयोजित हो रहा है। पांच दिवसीय कार्यक्रम का 27 नवंबर को समापन होगा। संस्थान का यह रजत जयंती वर्ष है। जिसमे आज की सब से बड़ी समस्या विषय अवसाद (मनोरोग), मस्तिष्क रोग और आजकल फैले डेंगू, चिकनगुनिया जैसी समस्याओं के दौरान प्लेटलेट की कमी और बाद में आने वाले जोड़ों के दर्द व अन्य समस्याओं पर आधारित होगा। कार्यक्रम में देश-विदेश के हजारो एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ भाग लेगें। जानकारी देते हुए प्रचार व्यवस्थापक उर्वशी उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित हो रहा है।




# छठ महापर्व पर स्नान के दौरान महिलाओं को वस्त्र बदलने के लिए भाजपा नेता ने घाटों पर बनाया टेंट का घेरा

### समाजसेवी संगम मिश्र की इस पहल की महिलाओं ने किया सराहना

**मेजा।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र ने छठ महापर्व के मद्देनजर यमुना क्षेत्र के सभी घाटों पर महिलाओं की सुविधा तथा उन्हें वस्त्र बदलने के टेंट का घेरा बनाया है जिसे स्नान करने वाली महिलाएं काफी सराहनीय कदम बता रही हैं। उल्लेखनीय है कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र द्वारा लिए गए निर्णय की यमुनापार क्षेत्र की सभी महिलाएं काफी प्रसंशा किया है। गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में स्नान को पहुंची महिलाओं का कहना है कि इस बार स्नान के बाद उन्हें वस्त्र बदलने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। गौरतलब है कि भाजपा नेता द्वारा यमुनापार क्षेत्र में इस तरह के सामाजिक कार्य अनवरत जारी है। डा संगम मिश्र के सलाहकार एवं यमुनापार क्षेत्र में जनसंपर्क की अगुवाई कर रहे सेंट्रल एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर एस के तिवारी व प्रांत संस्कृत प्रमुंख विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत शंकरदेव त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनहित को देखते हुए सिरसा में विशाल स्वास्थ्य मेला लगाया गया था जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाया था।



# राष्ट्र के उन्नत में सबसे बड़ा योगदान अध्यापक का है

**झूंसी।** अबूसा सरायइनायत स्थित महावीर कालेज आफ हायर एजूकेशन में मंगलवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ डीएलएड के नए सत्र का प्रारंभ हुआ। संस्था के निदेशक इं.प्रणव त्रिपाठी ने विधि विधान से मां सरस्वती का पूजन किया जिसके बाद सुंदरकांड का पाठ हुआ। प्रबंधक समाजसेवी डॉ.पंकज त्रिपाठी जी ने संस्थान का परिचय एवं संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह संस्थान निश्चित रूप से शिक्षा के लिए इच्छा के साथ अध्यापक बनने वाले लोगों को समर्पित है देशभर में अध्यापन के कार्य को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए डॉक्टर त्रिपाठी ने संस्थान के प्रेरणा स्त्रोत बाबूजी महावीर प्रसाद जी के जीवन से संबंधित कई प्रेरक प्रसंग रखते हुए विद्यार्थियों से एक श्रेष्ठ अध्यापक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नत करने में जितना योगदान अध्यापक का होता है उतना योगदान शायद किसी का नहीं अध्यापक आने वाली पीढ़ी को सही आकार देकर राष्ट्र के सापेक्ष खड़ा करता है और राष्ट्र की उन्नत में अपना श्रेष्ठ योगदान देता है। बृजेश श्रीमुख, मनीष यशपाल गुप्ता, अवनीश गर्ग, अमित गुप्ता, रितु श्रीवास्तव, मनीष दुबे, सन्दीप, संजय त्रिपाठी, आशीष मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दबंगों ने पैतृक भूमि को कब्जाने की नियत से घर में घुसकर की मारपीट

**कोरांव।** कोरांव थाना अंतर्गत नगर पंचायत के गांधीनगर मोहल्ले में एक पैतृक भूखंड पर कब्जा करने की नियत से गिरोहबंद दबंग पीड़ित के घर में घुस गए। पीड़ित ने जब विरोध किया तो वे मारपीट करने लगे और कई लोगों को मारकर घायल कर दिया। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने बताया है कि नगर पंचायत कोरांव के गांधीनगर मोहल्ले में भगवान प्रसाद मिश्र पुत्र प्राणनाथ का पैतृक भूखंड है। नगर पंचायत की उक्त बेशकीमती जमीन पर पड़ोस में रहने वाले एक दबंग परिवार की नजर गड़ी हुई है। उक्त भूखंड को लेकर दबंग परिवार आए दिन विवाद करता रहता है। मंगलवार दोपहर एक बार फिर रवि मिश्र व प्रकाश मिश्र पुत्रगण शिवालाल,ज्ञानवती पत्नी शिवालाल,अंजली व शिवानी पुत्री शिवालाल गिरोह बनाकर उक्त भूखंड पर मडहा चढ़ाने लगे। पीड़ित पक्ष ने जब विरोध किया तो वे लाठी डंडा और सब्बल लेकर उसके घर में घुस गए और उसके परिजनों को मारपीट कर अधमरा कर दिया। पुलिस ने उभयपक्ष से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# जिला गंगा सुरक्षा समिति व जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक संपन्न

**प्रयागराज।** जिला गंगा सुरक्षा समिति/जिला वृक्षारोपण समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक में गंगा नदी की साफ-सफाई, नालों की टैपिंग, पर्यावरण प्लान को अपग्रेड किये जाने तथा वर्ष 2024-25 में वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की गयी । मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं डीएफओ महावीर कौंजलगी की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला गंगा सुरक्षा समिति/जिला वृक्षारोपण समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन अधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए है। बैठक की समीक्षा करते हुए गंगा नदी की साफ-सफाई, नालों की टैपिंग, पर्यावरण प्लान को अपग्रेड किये जाने तथा वर्ष 2024-25 में किये जाने वाले वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह सहित सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करछना 33/11 सब स्टेशन टाउन फीडर की सप्लाई 8 घंटे बाधित रहेगी : इंद्रसेन सिंह

**करछना।** विद्युत सब स्टेशन 33/11 मुख्यालय स्थित करछना बुधवार को सुबह 10:00 बजे से सायं काल 4:00 बजे तक टाउन फीडर की सप्लाई ब्रेक डाउन रहेगी उक्त आशय की जानकारी विद्युत सब स्टेशन इंचार्ज इंद्रसेन सिंह ने बताया कि तहसील मुख्यालय स्थित कस्बा सरकारी दफ्तरों थाना तहसील ब्लाक अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं एवं अंचलों में एल एन टी द्वारा केवल लाइन दौडाई जायेगी और जर्जर हो चुके बिजली के तारों को बदलने का कार्य होगा जिससे उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से राहत मिल सके आपूर्ति को आठ घंटे के लिए ब्रेक डाउन रहेगा जिसके वजह से बुधवार को टाउन फीडर की सप्लाई से जुड़े संस्थाओं एवं गांवों में सप्लाई सायं 5:00 बजे के बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### मार्ग दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान मृत्यु



**करछना।** तीन दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी छात्र का इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि में मौत हो गई। अस्पताल से शव जब गांव पहुंचा तो गांव में जहां मातम छा गया। वहीं परिजनों का रो-रो करके बुरा हाल रहा। करछना थाना क्षेत्र के डाडो.गांव निवासी किसान गौरी शंकर पांडेय के दो पुत्रों में दूसरा गौरव पांडेय 15 वर्ष लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज धरवारा में कक्षा 9 का छात्र रहा। शनिवार 18 नवंबर को स्कूल से वापस घर जाते समय केंचुहा गांव के समीप किसी बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह छिटक कर दूर सड़क पर जा गिरा। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। परिजनों की ओर से उसे सीएचसी करछना ले जाया गया। जहां पर उसे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के लिए डॉक्टरों की ओर से रेफर कर दिया गया। स्थिति गंभीर होने पर सोमवार को मेडिकल से पीजीआई लखनऊ के लिए डॉक्टरों की ओर से भेज दिया गया। पीजीआई लखनऊ जाते समय रास्ते में छात्र ने दम तोड़ दिया। जिससे पिता समेत माता रंजना देवी बड़ा पुत्र सौरभ पांडेय सहित परिजनों का रो-रो करके बुरा हाल रहा।

### समाजसेवी के निधन पर लोगों ने व्यक्त की शोक संवेदना



**करछना।** करछना के भडेव्रा गांव निवासी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता दिनेश कुमार ओझा के समाजसेवी रहे पिता उमेश चंद्र ओझा 70 वर्ष का बीते शुक्रवार के दिन उनका आकस्मिक निधन हो गया । सोमवार को उनके घर पहुंच कर लोगों की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की गई। लोगों ने कहा कि उमेश चंद्र ओझा एक सरल स्वभाव व मिलन सार व्यक्तित्व के व्यक्ति रहे । और हमेशा समाज की सेवा में लगे रहते थे। इस मौके पर कमलाकांत त्रिपाठी, प्रेम शंकर मिश्र, श्रीकांत त्रिपाठी, गुलाबचंद्र मिश्र ,अवध नारायण शुक्ल, विश्वनाथ प्रसाद शुक्ल, उमाकांत पांडेय ,अवधेश त्रिपाठी, देवी प्रसाद मिश्र , चोलाराम ओझा, अनिल कुमार ओझा , कलक्टर द्विवेदी आनंद कुमार ओझा ,आलोक कुमार ओझा, राजमणि विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रभात फेरी द्वारा ग्रामीणों को दी गई जानकारी




**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के ग्राम पंचायत भवनकुइयां में मंगलवार को विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू एवं नोडल प्रभारी अश्वनी कुमार की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात एक बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए जानकारी दी गई। इस मौके पर एडीओ आईएसबी संजय सिंह, बलवंत सिंह, अपूर्व, सतीश चंद्रा, हरिशंकर सिंह, इंद्रभान सिंह, जुबेर आलम, ग्राम प्रधान अशोक कुमार भारतीया, कंप्यूटर सहायक स्वाति वर्मा व सुनील कुमार सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### आईटीआई नैनी में मंगलवार को रोजगार मेला लगा



**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रांगण में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। जिसमें निजी क्षेत्र की दो कम्पनियां सम्मिलित हुई। कम्पनी प्रतिनिधि के रुप में एचआर घनश्याम पटेल एवं अमन कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कम्पनी में कुल 158 बच्चों ने प्रतिभाग किया और 38 बच्चों का सलेक्शन साक्षात्कार के आधार पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एस के श्रीवस्तव के द्वारा किया गया। रोजगार मेले में मुख्य रूप से सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान, सुरक्षा प्रभारी मुहम्मद मुस्तफीज सिद्दीकी, सहायक सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा, अनुदेशक अशोक कुमार पटेल एवं शिशुक्षु अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

### शिक्षक संकुल की मासिक बैठक सम्पन्न



**मांडा।** न्याय पंचायत हाटा की शिक्षक संकुल मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय पूरा पाण्डेय में मगंलवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक सुखलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसका संचालन संघ के मंत्री मनोज सिंह पटेल ने किया ।बैठक में सभी शिक्षकों ने बारी बारी से निपूर्ण लक्ष्य,पुस्तकालय,विज्ञान एवम गणित किट का प्रयोग , बच्चों का विद्यालय में ठहराव इत्यादि विषयों पर अपने विचार रखे ।बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक संकुल महेन्द्र सिंह यादव,वृजभान यादव,दीपक चतुवेर्दी,रामकृष्ण केशरवानी,रामबाबू यादव,और हाटा न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक एवम शिक्षिका उपस्थित रहे।

# भगवत कथा मनुष्य की जीवन को बनाती है सुगम-आचार रवि कृष्ण जी महाराज

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** क्षेत्र के दरियापुर उर्फ गुलालपुर गांव स्थित बुढ़वा बाबा महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रही सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास अनंत विभूषित आचार्य श्री रवि कृष्ण जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर सजीव वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मगन रहते थे। पत्नी सुशीला ने सुदामा से बार बार आग्रह करतीं कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने घर लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से दरिद्रता दूर होते हुए सुंदर सा महल एवं धन वैभव का सुख प्राप्त करते हैं। कथा व्यास ने अगले प्रसंग में शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। जिससे राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं और उन्हें मोक्ष मिल जाती है। कथा के अंतिम क्षण में कथा व्यास ने कहा जो भी मनुष्य सत्संग करते हुए कथा का श्रवण करता है उसके जीवन की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होते हुए सुगम बनता है। उन्होंने कहा कथा जीवन की हर व्यथा को दूर करती है। कथा विश्राम पर मंदिर के महंत रामेश्वर दास महाराज एवं आयोजक मंडल सहित उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ एवं मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त नर नारी एवं आदि ग्रामीण कथा पंडाल में कथा का रसपान करते उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति- अशोकानंद शास्त्री महाराज



**जंघई।** बभनियांव, भोज का पूरा गांव में मुख्य यजमान रविंद्र नाथ पांडेय एवं सुशीला पांडेय के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा व्यास अशोकानंद शास्त्री महाराज ने छठवें दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग से कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि महाराज भीष्म अपनी पुत्री रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से करना चाहते थे, परन्तु उनका पुत्र रुक्मणी राजी नहीं था वह रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था रुक्मिणी इसके लिए राजी नहीं थीं। विवाह की रस्म के अनुसार जब रुक्मिणी माता पूजन के लिए आईं तब श्रीकृष्णजी उन्हें अपने रथ में बिठा कर ले गए तत्पश्चात रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण के साथ हुआ ऐसी लीला भगवान के सिवाय दुनिया में कोई नहीं कर सकता। कथा व्यास ने बताया कि भागवत महापुराण में प्रत्येक पद से रस की वर्षा होती है इस शास्त्र को शुकदेव मुनि राजा परीक्षित को सुनाते हैं राजा परीक्षित इसे सुनकर मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं प्रभु की प्रत्येक लीला रास है। इस दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी की आकर्षक झांकी बनाई गई जिनके दर्शन करके भक्तजन भाव विभोर हो गए।इस अवसर पर आयोजकों द्वारा उपस्थित सैकड़ों लोगों को आरती प्रसाद वितरण करवाते हुए स्वागत किया गया। कथा में महेंद्र नाथ पांडेय, कैलाश नाथ पांडेय, सुंदर लाल पांडेय, अजय पांडेय, विनय पांडेय, मनीष पांडेय, रत्नेश पांडेय, अनुज पांडेय, विनय पांडेय, मनीष पांडेय, संदीप पांडेय, अरुण पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, विक्की पांडेय, जय प्रकाश पांडेय, अनिल पांडेय, शिवांश, आयांश, वेदांश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**मण्डलायुक्त ने आरसी की वसूली में लापरवाही पाये जाने पर कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के पूर्व अपर जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

**स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही पाये जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**मण्डलायुक्त ने आर0सी0 की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो, यह मा0 मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता पर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसे गम्भीरता से लेने तथा निर्धारित समयसीमा के अंदर शिकातयों का निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। समीक्षा में अधीक्षण अभियंता सिंचाई, संयुक्त उपायुक्त खाद्य एवं रसद विभाग, उपनिदेशक पंचायतीराज, अधीक्षण अभियंता जलनिगम से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक खराब पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने निस्तारण की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि अगली समीक्षा बैठक में यदि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का फीडबैक में सुधार नहीं पाया गया, तो सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध एडवर्स की कार्रवाई की जायेगी। मण्डलायुक्त ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी से सम्बंधित इकाईयों/निवेशकों से सम्बंधित आवेदनों को शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। उन्होंने सभी जनपदों के सम्बंधित अधिकारियों को निवेशकों/उद्यमियों के साथ बातचीत करते रहने व उनकी समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। पशु पालन विभाग की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने छुट्टा घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को गो-आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से संरक्षित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मण्डल के सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों को निराश्रित गो-आश्रय स्थलों की क्षमता वृद्धि करने एवं नए गो-आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है।मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए हर घर जल योजना के अन्तर्गत पाईप लाइन बिछाने, कनेक्शन दिए जाने, ओवर हेड टैंक के निर्माण, पम्प लगाने सम्बंधी कार्यों में तेजी लाये जाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कर्मियों की संख्या बढ़ाकर कार्य को शीघ्रता से पूरा कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि पाईप लाइन बिछाते समय सड़कों/सम्पर्क मार्गों की खुदाई करने एवं उसमें पाईप लाइन बिछाने के बाद अनिवार्य रूप से सड़कों को पुनः उसी स्थिति में बनाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि कहीं से भी ऐसी शिकायत पायी गयी कि खुदाई करने के बाद सड़क को ठीक ढंग से नहीं बनाया गया है, तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित चल रही योजनाओं/कार्यक्रमों जिसमें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है। आशाओं के भुगतान, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, डिस्चार्ज होने वाले बच्चों की मानीटरिंग, एएनसी, जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रसूताओं को मिलने वाले इंसेंटिव सहित कई अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति ठीक न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यों में प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने लापरवाही बरतने वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को हिदायत दी है कि यदि लापरवाह प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की जाती है, तो मुख्य चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध ही कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मण्डलायुक्त ने गड्ढ़ा मुक्ति अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य अभियंता पीडब्लूडी से गड्ढ़ा मुक्त अभियान के तहत कितनी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना था, कितनी सड़के गड्ढ़ा मुक्त हुई, कितना बजट आवंटित था तथा कितना बजट खर्च किया गया, से सम्बंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने नई स्वीकृत सड़कों के निर्माण की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यों को पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। सड़कों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव की समीक्षा करते हुए प्रयागराज, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुरक्षण एवं रख-रखाव के कार्यों को ठीक ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है। राजस्व वसूली की समीक्षा में खनन एवं वाणिज्यकर विभाग की आर0सी0 के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के पूर्व अपर जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं वर्तमान समय में तैनात अपर जिलाधिकारियों को सचेत करते हुए वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने खनन अधिकारियों को खनन स्थलों पर लगाये गये कैमरों को अनिवार्य रूप से क्रियाशील बनाये रखने एवं प्रत्येक दशा में रसीद काटा जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं खनन अधिकारी को ओवर लोडिंग पर विशेष सकर्तकता एवं निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिए है। चकबंदी अधिकारियों को 5 साल से ऊपर के लम्बितवादों को शीघ्रता से निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर सभी मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ-साथ अपर आयुक्त एवं संयुक्त उपायुक्त सहित सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे पर ट्रक चालक को मारी गोली, बैग लूटकर भागे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के भोपतपुर सहसों नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक चालक को बदमाशों ने गोली मार दी। ट्रक से बैग लूटकर बदमाश फरार हो गए। गोली लगने के बाद भी ट्रक चालक करीब एक किलोमीटर तक ट्रक चलाकर पेट्रोल पंप तक ले गया और वहां मौजूद लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक और घायल खलासी को एसआरएन भेजवा दिया है। ट्रक को थाने में खड़ी कराया है। ट्रक पंजाब से धागा लेकर बांग्लादेश जा रही थी।

**शौच के लिए भोर में 4 बजे रुका था ट्रक चालक**

बृजेश कुमार (30) पुत्र प्रेमचंद्र निवासी जंगीपुर सरपतहिया जिला जौनपुर का रहने वाला है। उसके साथ खलासी मनोज यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी रमपुरवा थाना मोहम्मदपुर गोपालगंज बिहार भी मौजूद था। दोनों पंजाब से बांग्लादेश धागा लाकर जा रहे थे। ट्रक जब भोपतपुर सहसो के पास पहुंची को उसने शौच के लिए ट्रक रोक दी। खलासी ट्रक में मौजूद था और ड्राइवर बृजेश कुमार शौच के लिए नीचे उतर गया। थोड़ी दूर जाकर वह जैसे ही शौच से निवृत्त हो गया और लौटने लगा तो उसका 4 नकाबपोश बदमाशों ने पीछा करना शुरू कर दिया। वह ट्रक की ओर भागा और ड्राइविंग सीट पर पहुंच गया। इतने में दो बदमाश भी ट्रक में घुस गए। खलासी और दोनों बदमाशों में मारपीट होने लगी। तमंचे की बट से बदमाशों ने खलासी को मारकर लहूलुहान कर दिया। ट्रक ड्राइवर को भी टारगेट कर गोली मार दी, जोकि उसके कंधे में लाकर लगी। गोली उसके कंधे में धंसी लग गई।

**कंधे में गोली लगी रही और ट्रक चलाता रहा**

गोली लगने के बाद भी ट्रक चालक ने ट्रक नहीं रोकी और बदमाश फंसता देख बैग लेकर फरार हो गए। बैग में कागजात और कैश रुपए थे। ट्रक लेकर जब वह आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर थरवई ने बताया कि रिपोर्ट लिख ली गई है। रिपोर्ट के आधार पर बदमाशों की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव ने बताया कि थरवई थानाक्षेत्र के अंतर्गत भोपतपुर नेशनल हाईवे के पास ट्रक चालक को गोली मारने की सूचना मिली थी। लूट की तहरीर पीड़ित की ओर से नहीं दी गई है। उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर नगर आयुक्त नगर निगम ने सुनी जनता की शिकायतें

**कुल प्राप्त हुईं 45 शिकायतें**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया, साथ ही शिकायतो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय।ह्यसम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, दीपेंद्र यादव, श्रीमती रत्न प्रिया, सहायक नगर आयुक्त आर0पी0श्रीवास्तव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक सिंह, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, जोनल अधिकारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय ममगई, मदन गोपाल, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार, अधिशाषी अभियन्ता अनिल मौर्या, नजमी मुजफ्फर तथा प्र0अधिशाषी अभियन्ता शिवम सिंह, लेखाधिकारी अक्षय कुमार आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# बेटे ने मरणोपरांत किया मां का देहदान



**प्रयागराज।** वृद्ध मां की मौत के बाद बेटे ने मृत शरीर को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया। इसे एनाटमी डिपार्टमेंट में सुरक्षित रखवा दिया गया है ताकि डॉक्टरी की पढ़ाई करने वाले टइइर के छात्रों को पढ़ाई में मदद मिले। ब्रजेंद्र बहादुर की वृद्ध मां रामसवारी देवी का आज मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने डेडबॉडी को दान करने निर्णय लिया। इसकी सूचना उन्होंने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. एनएन गोपाल को दिया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने वाहन के साथ एक टीम उनके घर भेजा और देहदान की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बादल सिंह, निष्ठा सिंह, कृष्णा तिवारी, ममता आनंद आदि मौजूद रहे।

**मेडिकल कॉलेज में हो चुका है 85 देहदान**

डॉ. बादल सिंह ने बताया कि इस देहदान में मिली डेडबॉडी से मेडिकल छात्रों को पढ़ाई में काफी सहूलियत मिलेगी। इस मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2011 से अभी तक 85 डेडबॉडी दान में मिल चुकी है। मेडिकल कॉलेज की तरफ से लोगों को देहदान के लिए प्रेरित किया जाता है।

# यातायात जागरूकता नवम्बर माह में बच्चों को नियमों के प्रति दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**घायल को अस्पताल पहुचाएं बाद मे फिर वीडियो बनाए**



**प्रयागराज।** यातायात जागरूकता माह नवम्बर 21-11-23 दिन मंगलवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जन जागरूकता केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज में लगभग 500 बालक बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया,यातायात जागरूकता प्रभारी पवन कुमार पांडेय ने बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करते हुए कहा की सड़क पर चलने के नियम,सड़क चिन्हों के बारे में आदेशात्मक, संकेतात्मक, सूचनात्मक, सड़क सुरक्षा के स्वर्णिम समाधान, गुड़ सेमीरीटन,गोल्डेन आवर के बारे प्रशिक्षण तथा जागरूक किया गया उन्होंने कहा यात्रा करते समय मानक एवं निर्धारित गति के अनुसार ही वाहन चलाएं। मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहने साथ में सुरक्षा लॉक अवश्य लगाये। चार पहिया वाहन चलाते समय हर व्यक्ति सीट बेल्ट बांधकर ही यात्रा करें। उन्होंने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि अपने परिवार के सदस्यों से सुरक्षा के साथ वाहन चलाने की बात जरूर करें। उसके साथ फायरब्रिगेड के मुख्य अग्निशमन ऑफिसर डॉक्टर राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा अग्निशमन के मॉकड्रिल कराई गई। यह कार्यशाला स्कूल की प्रधानचार्या श्रीमती सुचित्रा, व शिक्षक के देखरेख में हुवा, सिविल डिफेंस उपनियंत्रक राकेश कुमार तिवारी, डिविजनल ऑफिसर रौनक गुप्ता द्वारा बच्चों को तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने व भविष्य में अपने मातापिता के सपनों को साकार करने के लिए बताया गया, इस दौरान नितीश शुक्ल,संदीप बहेरी,नितीश शुक्ला ,ओपी पुष्पाकर,अनिल रॉय उपस्थित रहे।

## जंक्शन पर ट्रेन पहुंचते ही अलर्ट हुई टीम

**प्रयागराज।** मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि आज ट्रेन संख्या 12802 (पुरुषोत्तम एक्सप्रेस) में सरिता कुमारी नाम की महिला यात्री इ-5 की सीट संख्या 62 पर यात्रा कर रही थी। महिला यात्री को ट्रेन में प्रसव पीड़ा शुरू हुआ। साथ के लोगों ने इसकी सूचना प्रयागराज जंक्शन के अधिकारियों को दी। प्लेटफार्म नंबर चार पर ट्रेन के आते ही टीम अलर्ट हो गई। रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक टीपी सरोज, सहायक उप निरीक्षक कुलवीर सिंह, मेरी सहेली टीम की कुसुम देवी एवं क्विक रिस्पांस टीम की महिला कांस्टेबल आरती देवी एवं प्रेम कुमारी को भेजा गया। कोच के अंदर ही महिला आरक्षियों के सहयोग से डॉ. नुपुर पांडेय द्वारा महिला रेल यात्री की डिलीवरी कराई गई।

## ट्रेन में हुआ प्रसव, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ

**प्रयागराज।** पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला का प्रसव ट्रेन में ही कराया गया। आरपीएफ की महिला कांस्टेबल की मौजूदगी में गर्भवती का प्रसव महिला डॉक्टर द्वारा कराया गया। गर्भवती ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। उसे प्रयागराज जंक्शन पर उतारा गया और जिला महिला अस्पताल (डफरिन) में भर्ती कराया गया। यहां जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। देर शाम दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर महा मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया केंद्र /राज्य कर्मचारियों ने





**करछना।** प्रयागराज पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच केआह्वाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के जनपद अध्यक्ष,, मंत्री व सम्बद्ध एवम सहयोगी संगठन के जनपदीय मण्डलीय प्रांतीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली हेतु महा हड़ताल पर जाने के पक्ष में जनपद के सभी विकास खण्डों तहसीलों, में कर्मचारी शिक्षक अधिकारी पेंशनर्स 95/प्रतिशत से अधिक संख्या में सहमति पत्र भरकर लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत अपने केन्द्रीय नेतृत्व को हड़ताल पर जाने के पक्ष में सहमति पत्र मतपेटियों में डलवाया गया, सर्वाधिक मतदान प्रतिशत माण्डा ब्लाक के लेखा परीक्षक संघ के अध्यक्ष अल्प नारायण सिंह एवं ग्राम पंचायत, ग्राम विकास, सिंचाई संघ के सदस्यों ने सत प्रतिशत संख्या में प्रतिभाग किए वहीं जनपद मुख्यालय पर, गवर्नमेंट प्रेस, माध्यमिक शिक्षा परिषद,लोक निर्माण विभाग, तथा विकास भवन में प्रथम दिवस में भारी संख्या में सहमति पत्र भरकर मत पेटिका में जमा किया गया सभी विभागों में आर डी यादव महामंत्री एन सी आर एम यू रेलवे, जनपद अध्यक्ष रागविराग जी , मंत्री विनोद कुमार पांडेय मण्डल मंत्री श्याम सूरत पाण्डेय उप मंत्री शुभम संघर्ष समिति के अध्यक्ष धूव्रनारायण, प्रशान्त ,सौरभ गुप्ता के साथ दौरा जनपद के सभी विभागों जानकारी ली तत्पश्चात सहसंयोजक पुरानी पेंशन पाण्डेय जी ने अवगत कराया कि जनपद के सभी सम्मानित पदाधिकारियों से उनके उनके विभाग वार समीक्षा कर,शेष बचे सदस्यों को का मतदान दिनांक 22 नवम्बर 202 3 को शेष मतदान/सहमति पत्र जमा कराया जाएगा।पूरे आन्दोलन में लेखा परीक्षा संघ के अध्यक्ष अल्प नारायण, सिंह, ग्राम पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने चढ़ बढ़कर हिस्सेदारी किया, इसके लिए मंच की ओर से सबका आभार व्यक्त किया गया। विनोद कुमार पांडेय मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज शामिल रहे।

# यूनाइटेड यूथ पार्लियामेंट में राष्ट्रीय मुद्दों पर सतारुढ़ और विपक्ष में हुई तीखी बहस





**नारीवाद, जाति-आधारित आरक्षण, समानता, महिला सशक्तिकरण, गरीबी, सांप्रदायिक सद्भाव, धार्मिक सहिष्णुता और आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दे पर यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई)**

**नैनी।** नैनी मंगलवार को यूनाइटेड ऑडिटोरियम में आयोजित यूनाइटेड यूथ पार्लियामेंट (यूवाईपी) कार्यक्रम के दौरान तीखी बहस हुई। कार्यक्रम में शंभूनाथ और शुआट्स, इलाहाबाद विश्वविद्यालय (एयू), एसएस खन्ना डिग्री कॉलेज, सीएमपी डिग्री कॉलेज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), इविंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी), आईआईटी-ए, एमएनएनआईटी सहित विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों ने भी में भाग लिया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पूर्व कुलपति और उच्च शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. जीसी त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिक्षा व्यवस्था पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके युवा निर्धारित करते हैं। उन्होंने युवाओं से भारत की परंपरा, संस्कृति और दर्शन को समझने और मानव जाति की भलाई के लिए दुनिया में इसके महत्व को प्रसारित करने की अपील की। कार्यक्रम में सांसद के रूप में छात्रों ने संसद के उन दृश्यों को जीवंत किया जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने बयानों और राय को सही ठहराने के लिए तीखी बहस करते हैं। कार्यक्रम के पहले सत्र का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में छात्र प्रशांत सिंह के विचारों से हुई। उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए जाति आधारित आरक्षण को बढ़ावा देना जरूरी है। वहीं, पीएम के बयान पर पलटवार करते हुए विपक्ष की ओर से सांसद राहुल गांधी अनस उस्मान ने कहा कि सत्तापक्ष बिलों को लागू करने के बजाय उन्हें पेश करने में ज्यादा दिलचस्पी लेता है। सांसद अमित शाह के रूप में छात्र अभिषेक धवन ने कहा कि एससी और एसटी में अभी भी कई गैर-मान्यता प्राप्त जातियां हैं जिन्हें अपने विकास के लिए आरक्षण की आवश्यकता है। पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी के रूप में मुस्कान दुबे ने कहा कि केंद्र की सरकार समानता पर काम करने में विफल रही है और उसके शासन में गरीबी और मंहगाई में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उनके इस बयान पर पलटवार करते हुए, संबित पात्रा के रूप में कुँवर ऋतुराज साहू ने कहा कि सरकार ने अपने नारे 'सबका साथ, सबका विकास' के तहत सभी लोगों के लिए समान अवसर पैदा किए हैं। कहा, यह विपक्षी दल (कांग्रेस) है जो विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है। जहां सांसद अखिलेश यादव के रूप में अम्मार अहमद ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद से सत्तारूढ़ सरकार में दलितों का शोषण बढ़ गया है, वहीं सांसद मायावती के रूप में साक्षी मिश्रा ने कहा कि सत्तारूढ़ दल अपने हित के लिए जाति आधारित आरक्षण को तुरुप के पत्ते के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। सांसद योगी आदित्यनाथ के रूप में विश्वास तिवारी ने जाति-आधारित आरक्षण की आलोचना करने के लिए विपक्ष की खिंचाई की। उन्होंने कहा कि विपक्ष को केवल फिलिस्तीन की समस्याओं की चिंता है, अपने देश से जुड़ी समस्याओं की नहीं। कार्यक्रम के दौरान सांसदों ने जय श्री राम का उद्घोष भी किया। सांसद स्मृति ईरानी के रूप में रिया जैन, सांसद केशव प्रसाद मौर्य के रूप में प्रियम श्रीवास्तव, सांसद राजनाथ सिंह के रूप में आदित्य सिंह तोमर, सांसद मेनका गांधी के रूप में पल्लवी सिंह, सांसद सुधांशु त्रिवेदी के रूप में आयुष तिवारी, भाविका शामिल थे। सांसद निर्मला सीता रमन के रूप में क्षेत्रपाल, सांसद जेपी नड्डा के रूप में आयुष वैश्य, सांसद डिंपल यादव के रूप में कनिष्क गौतम, सांसद शिवपाल यादव के रूप में अमन पांडे, आजम खान के रूप में हंजला हम्माद, सांसद सोनिया गांधी के रूप में श्रेया पांडे, सांसद उद्धव ठाकरे के रूप में आद्विक तिवारी, वात्सल्य कृष्ण सांसद गुलाम नबी आजाद के रूप में, इशिता सिंह सांसद ममता बनर्जी के रूप में, कौशल कुमार सांसद नीतीश कुमार के रूप में और वैभव तिवारी सांसद अरविंद केजरीवाल के रूप ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दूसके सत्र नेशनल कमीशन फॉर वुमेन के तहत फेमीनिज्म और फेक एलीगेशन्स (गलत आरोपों) पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को प्राचार्यों द्वारा सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भी दिया गया। डीन, कॉर्पोरेट और उद्योग संबंध, यूजीआई डॉ दिव्या बरतारिया ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

# माँ मसुरियन व माँ दक्खिनी देवी का प्राचीन व भव्य श्रृंगार पूजन दिनांक 03 व 04 दिसम्बर को होगा

**प्रयागराज।** शहर से लगभग 40 किमी0 दूर ग्राम-इमिलियन, तहसील-बारा में माँ मसुरियन व माँ दक्खिनी देवी का प्राचीन सिद्धपीठ मन्दिर स्थित है, जहां पर प्रत्येक सप्ताह सोमवार व शुक्रवार को मां का मेला लगता है। इसके अलावा हर वर्ष अगहन मास में माता का भव्य मेला लगता है और मेले में दो दिवसीय छठ व सप्तमी को माता का भव्य श्रृंगार-पूजन सदियों से परम्परागत विधि विधान द्वारा किया जाता है।इस वर्ष का श्रृंगार-पूजन दिनांक 03 दिसम्बर (छष्ठमी) दिन रविवार एवं दिनांक 04 दिसम्बर (सप्तमी) दिन सोमवार को होना सुनिश्चित हुआ है। माँ के श्रृंगार-पूजन व मेले में भूले-भटके शिविर, लाइट व साउंड की व्यवस्था स्व० कन्हैया लाल सोनकर (भूतपूर्व विधायक) द्वारा किया जाता था किन्तु उनके देहान्त के पश्चात इस व्यवस्था को उनके पुत्रगण ओम प्रकाश सोनकर व सत्य प्रिय सोनकर द्वारा किया जाता है।एक तरफ तो मेले में देवी का श्रृंगार-पूजन कर धर्म-कर्म का कार्य किया जाता है, वही इस मेले में दुखद बात यह है कि शासन-प्रशासन द्वारा मूलभूत जन सुविधायें जैसे कि बिजली, पानी, श्रृद्धालुओं का ठहराव, चिकित्सा व महिलाओं के लिए स्वाचलित शौचालय आदि की व्यवस्थाओं के अभाव के कारण श्रृद्धालुओं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

# विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध होगी कार्रवाई: डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में छूटे हुये दिव्यांग, युवा व महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में जनपद में चल रहा है जो आगामी 25 व 26 नवम्बर को विशेष अभियान चलाया जायेगा।

जिसमें ज्यादा से ज्यादा छूटे हुये दिव्यांग, युवा एवं महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकरण कराया जाये, प्रत्येक श्रेणी के लिये उपयुक्त स्थानो पर विशेष कैम्प का आयोजन कराते हुये सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाये।

जिलाधिकारी ने दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन/टैगिंग कार्य में आयी चुनौतियों पर विचार विमर्श किया तथा इसके समाधान किये जाने के निर्देश दिये गये। समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सबसे कम दिव्यांग मतदाता चिन्हित किये गये है उन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अधिक से अधिक बैठके करके एन0जी0ओ0 आदि के माध्यम से

### दिव्यांग, युवा व महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिये हुई बैठक



बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। मतदेय स्थलवार दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हांकित करने के लिये एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाये जिसके माध्यम से अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि 18 से 19 आयु वर्ग के महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि अपने अपने बीएलओ को निर्देशित करें कि घर-घर जाकर सर्वे करें यदि कोई दिव्यांग मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल नही है तो उसे चिन्हित करके फार्म-6 भरवाकर सम्बन्धित तहसील में जमा करा दें। जनपद में दिव्यांग पेंशनरों की संख्या लगभग 20944 है और वर्तमान में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या लगभग 19592 है, इस प्रकार लगभग 1352 दिव्यांग मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होना है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसको गम्भीरता से लेकर विशेष ध्यान दिया जाये, सर्वे के समय कोई भी दिव्यांग मतदाता छूटने न पाये। समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें एवं दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन कार्य में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में आगामी विशेष अभियान की तिथियों क्रमशः 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर एवं 03 दिसम्बर को दिव्यांग, युवा एवं महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची अधिक से अधिक जुड़वाये जाये। उन्होने कहा कि विशेष अभियान के दौरान यदि किसी मतदाता का नाम गलत है या उसके पते में कोई संशोधन हो तो उसको ठीक करा सकते है।

उन्होने ए0आर0ओ0 को निर्देशित करते हुये कहा कि जिनको जो टारगेट दिया गया है उसको पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, यदि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही पायी जायेगी तो उसकी जवाबदेही तय करते हुये उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत मतदेय स्थलों का निरीक्षण करें, जिन बूथों पर कम फार्म भरे जा रहे है वहां पर प्रचार प्रसार करके ज्यादा से ज्यादा फार्म भरवाये जाये। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मतदेय स्थलों का निरीक्षण करें एवं जहां पर रैम्प टूट गये है उसकी मरम्मत करायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला वर्ग में पीबीपीजी एवं पुरुष वर्ग में एसवीएम कालेज विजेता

### पीबीपीजी कालेज में आयोजित हुई अंतर महाविद्यालीय फुटबाल प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध महाविद्यालयों की अंतर महाविद्यालीय फुटबाल प्रतियोगिता पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी में आयोजित की गई। महिला वर्ग में पीबीपीजी कालेज की टीम ने उपरदहा महाविद्यालय प्रयागराज को 1-0 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में एसवीएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पीजी कालेज लालगंज की टीम ने दिलचस्प मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट से 03-02 के अंतर से पीबीपीजी कालेज को पराजित किया।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव।

प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अजय कुमार, रमेश पप्पू रेफरी,स्कोरिंग अखिलेश सिंह,अमन सिंह व कमेंट्री डा.अखिलेश मोदनवाल, रवि प्रकाश सिंह ने किया। प्रो.बृजभानु सिंह ने अतिथियों का स्वागत व आयोजन सचिव प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक राजकीय पीजी कालेज के प्रो.अंशुमान सिंह ने खिलाड़ियों का चयन किया।

पुरुष वर्ग के 19 व महिला वर्ग में आठ महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। डा.केके सिंह, प्रो.शिव प्रताप सिंह, डा.नीरज त्रिपाठी, डा.अजय सिंह, डा. श्रद्धा श्रीवास्तव, डा. भूपाल सिंह, डा.पवन सिंह, डा. देवेश सिंह, अजीत सिंह, डा. अशोक कुमार वर्मा, डा.प्रणव ओझा, डा.सीपी पांडेय, डा. रविकांत कौशल, जितेंद्र सैनी, अवनीश सिंह, सहदेव सिंह, अरविंद सिंह, सुनीत सिंह, रेनू सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत अधिकारी की गैर हाजिरी को लेकर ग्रामीणों में असंतोष

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के महीनों से गांव में न पहुंचने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं जरूरतमंदों को भी जरूरी कागजात मिलने में असुविधा हो रही है। लक्ष्मणपुर विकासखंड के डोमीपुर ग्राम पंचायत की प्रधान अमरावती ने डीएम को लिखे शिकायती पत्र में कहा है कि पिछले दो माह से ग्राम में तैनात ग्राम विकास अधिकारी गांव में उपलब्ध नही हैं। प्रधान के मुताबिक ग्राम विकास अधिकारी की गैर हाजिरी के कारण विकास कार्य रूका हुआ है। प्रधान ने यह भी बताया है कि ग्राम विकास अधिकारी के उपलब्ध न होने के कारण गांव के लोगों को जरूरी कागजात भी नही मिल पा रहे हैं। प्रधान ने डीएम से वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर गुहार की है।

# कालाकांकर गंगा नदी में मत्स्य विभाग ने छोड़ी 5 हजार मछली

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व मत्स्य दिवस पर मंगलवार को शासन के निर्देश पर कालाकांकर गंगा नदी में मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतापगढ़ विकास कुमार दीपांकर ने 80 से 100 एम एम आकार की 50500 मत्स्य अंगुलिकाओं को पानी मे छोड़ा, जिसमें कालाकांकर ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह व राजभवन मैनेजर डा. घनश्याम यादव के साथ बीडीओ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव रवि शंकर सोनकर, आई एस बी ब्यास कुमार मौर्य, अरविंद कुमार



कालाकांकर गंगा नदी में मछली छोड़ते अधिकारी।

जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी, ग्राम पंचायत संग्रामपुर के ग्राम प्रधान जोखू यादव सहित अन्य लोगो ने मछली को नाव के द्वारा बीच धारा मे पानी मे छोड़ा। बता दे कि उक्त कार्यक्रम मे सीडीओ के आने का प्रोग्राम बना था जो नही आ सके उसके बाद डी डी ओ राकेश कुमार का प्रोग्राम बना किसी वश नही आ सके।

# प्रख्यात लेखिका डॉ. अमिता दुबे को मिला राष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान

### सृजना द्वारा आयोजित समारोह में उनके बहुआयामी व्यक्तित्व पर हुई चर्चा



डा0 अमिता दुबे को सम्मानित करते आयोजकगण।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्दी साहित्य की प्रख्यात लेखिका डॉ. अमिता दुबे को उनके उल्लेखनीय लेखन-कार्य एवं उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान से समलंकृत किया गया। उन्हें सम्मान-स्वरूप मान-पत्र, शाल तथा पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि डॉ. अमिता दुबे ने अपने श्रेष्ठ लेखन से हिन्दी जगत में खूब प्रसिद्धि प्राप्त की है। उन्होंने विविध विधाओं में ढाई दर्जन से अधिक पुस्तकों का प्रणयन किया है। सृजना के अध्यक्ष डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने उनके कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. अमिता दुबे का लेखन गुणवत्तापूर्ण है। उनका साहित्य मन को छूता है। साहित्य भूषण हरीलाल ह्लमिलनह्ल ने कहा कि डॉ. अमिता दुबे की भाषा-शैली आकर्षक है। एल आई सी के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने डॉ. दुबे साहित्य की निधि बताया। इस अवसर पर श्रीनाथ मौर्य सरस, मूसा खान, ओम प्रकाश यादव, आलोक कुमार दुबे, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी के माडलों को देखकर डीआईओएस दिखे खुश

### बच्चों का बढ़ाया उत्साह, जीआईसी में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ सरदार सिंह रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी अवलोकन के पश्चात अपनी उद्बोधन में कहा कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक एवं रोचक मॉडल प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। यह उस विद्यालय के प्रधानाचार्य और गाइड अध्यापक के कुशल निर्देशन का परिणाम है। यह बाल वैज्ञानिक



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीआईओएस सरदार सिंह व अन्य

भविष्य के प्रसिद्ध वैज्ञानिक के रूप में जाने और पहचाने जाएंगे और अपने देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन करेंगे।

सम्मानित निर्णायक मंडल के रूप में फिरोज अहमद प्रवक्ता एवं सुचिता तिवारी प्रवक्ता डायट प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम के आयोजन में बृजेश मिश्रा, अशोक मौर्य, नसरत अली आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत बुके के माध्यम से किया गया। उसके पश्चात सरस्वती वंदना और स्वागत गीत राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के छात्रों ने प्रस्तुत किया। अपने स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य ने कहा कि विज्ञान मानवता के लिए एक वरदान है, इसका हम सही प्रयोग करें और समाज को एक नई दिशा और दशा प्रदान करें। इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को दिखाने के लिए के लिए एक प्लेटफार्म मिलता है। इस अवसर पर मुकेश कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, राधेश्याम, अशोक मौर्य, पुष्पेंद्र सिंह, अनिल नीले, डॉ शाहीन फातिमा, प्रशांत, रंजीत गुप्ता, शिखा त्रिपाठी, चमन प्रताप, आदि विशेष रूप से रहे। प्रदर्शनी में राजकीय इंटर कालेज पुराबगांव प्रतापगढ़ की शालिनी का गणित भौतिक आधारित खेल एवं गणित के चमत्कारी खेल, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ की मुस्कान यादव का बूंद से सिंचाई का मॉडल एवं वर्षा मोदनवाल का सैटलाइट कम्युनिकेशन का मॉडल, साकेत गर्ल्स इंटर कालेज प्रतापगढ़ की शालिनी पांडे और प्रज्ञा तिवारी का डिजिटल इंडिया का मॉडल, राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ की अलका श्रीवास्तव प्लास्टो स्कोप का मॉडल एवं सारां सिंह का कंप्यूटर नंबर सिस्टम एवं कमल विश्वकर्मा का स्मार्ट मॉडल, राजकीय बालिका इंटर कालेज बिहार प्रतापगढ़ की ममता सरोज का मतदाता पहचान का मॉडल एवं खुशी साहू का वैकल्पिक ऊर्जा का मॉडल विशेष रूप से प्रशंसनीय रहे। कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन संतोष कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## बाल अपचारी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर मंगलवार को बाल न्यायालय भेजवाया। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्र राम ने मुखबिर की सूचना पर लाला का पुरवा गांव पहुंचे। यहां गांव निवासी दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपित बाल अपचारी को उसके घर से गिरफ्तार किया। दरोगा ने बताया कि आरोपित बाल अपचारी को बाल न्यायालय भेजा गया है।

## कौशलेन्द्र पटेल बने भाजपा के जिला प्रभारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने काशी क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारी अमर पाल मौर्य को सौंपी है। यूपी भाजपा के महामंत्री को काशी क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही जिला प्रभारी के रूप में कौशलेंद्र पटेल को प्रतापगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों का जिले के भाजपाइयों ने किया स्वागत किया है। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई बैठक में दोनों नेताओं की अगुवाई में लोकसभा फतह का संकल्प लिया गया। इस मौके पर महामंत्री राजेश सिंह, पवन गौतम, जिला मंत्री रामजी मिश्र व प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 29 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक 29 नवम्बर 2023 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अपरान्ह 4 बजे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकास भवन एवं जनपद स्तरीय एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन इकाई की बैठक की जायेगी।

## शीतलहर की तैयारियों को लेकर बैठक आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि जनपद में आगामी ठंड व शीतलहर की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 22 नवम्बर 2023 को अपरान्ह 5 बजे कैम्प कार्यालय सभागार में बैठक की जायेगी।

# श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ के वाद दायरे होने पर जताई गयी खुशी

### तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने समर्थन में की नारेबाजी, हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्री रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने को लेकर वाद दायर होने पर मंगलवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है। अधिवक्ताओं ने श्री रामचरित मानस एवं श्रीमद्भागवतगीता तथा वाल्मीकि रामायण के मान सम्मान के लिए संघर्ष में एक जुटता का भी संकल्प जताया। वहीं साथी अधिवक्ताओं ने वाद दायर करने वाले आल इंडिया रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की हौसला आफजाई करते हुए पार्क में माल्यार्पण कर उन्हे सम्मानित भी किया। अधिवक्ताओं ने याचिकाकर्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल के सनातन संस्कृति की संरक्षा में किए गए इस विधिक प्रयास की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह व संचालन पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल ने किया। सम्मान कार्यक्रम का संयोजन पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर में एकत्रित अधिवक्ताओं ने श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने को लेकर समर्थन में नारेबाजी भी की।

पूर्व अध्यक्ष राववीरेन्द्र सिंह ने कहा कि कतिपय कुंठित विचारधारा के लोग सनातन धर्म पर हमलावार होते हुए हिन्दू देवी देवताओं को लेकर पीडा जनक टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होने सरकार से ऐसी बयानबाजी करने वाले लोगों को कानूनी कटघरे में खड़ा किए जाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, संजीव तिवारी, प्रमोद सिंह, राहुल मिश्रा, दीपेन्द्र तिवारी, सुशील शुक्ला, विनय शुक्ला, टपन पांडेय, ललित गौड़, प्रभात श्रीवास्तव, नामवर सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## कथा श्रवण से बड़ा दूसरा कोई पुण्य नही: आचार्य योगेश

### रोहाड़ा में भागवतकथा में सत्य धर्म को बताया गया जीवन का शास्वत सुख

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के रोहाड़ा के बकियन का पुरवा गांव में हो रही श्रीमद् भागवतकथा में मंगलवार को श्रद्धालुओं की उत्साह जनक भीड़ जुटी दिखी। कथा व्यास स्वामी करपात्री धाम मनुहार से पधारे आचार्य योगेश जी महराज ने कहा कि धर्म और कर्म सुचिता तथा सत्य वचन पर ही पूर्णता प्राप्त किया करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने लीलावतार में जीवन को सुफल बनाने के लिए अपने सभी कर्मों को सद्कर्म के मार्ग पर संरक्षित रखना चाहिए।

आचार्य योगेश जी महराज ने कहा कि इस कलिकाल में कथा श्रवण से बड़ा कोई दूसरा पुण्य नही हो सकता। उन्होने कहा कि भगवान की कथा उसी को सुनने को मिला करती है जिसके जीवन का आचरण फल निर्मल हुआ करता है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए केवल कर्म साधना की सुचिता के ही मार्ग पर आगे बढ़ते रहने की लालसा होनी चाहिए।

कथा के संयोजक समाजसेवी गंगा प्रसाद पांडेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। वहीं सहसंयोजक सतीश तिवारी, अंबुज ओझा, देवेन्द्र मिश्र, मुरली शुक्ला ने श्रीमद् भागवत महापुराण ग्रंथ का पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम के आयोजक मंडल के सदस्य पं. अशोक कुमार पांडेय व धीरेन्द्र कुमार पांडेय तथा अधिवक्ता विनय कुमार पांडेय ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया। इस मौके पर पप्पू तिवारी, केशवदत्त पांडेय, भइयाराम तिवारी, राधेश्याम दुबे, आचार्य दीपमणि मिश्रा, पीयूष पांडेय, विकास आदि रहे।

## एसपी की फटकार पर दर्ज हुआ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी के आदेश पर लीलापुर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। मिश्रपुर धोबियान गांव निवासी पवन कुमार रजक पुत्र रामबरन रजक ने एसपी को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह मुम्बई में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसकी पत्नी अंजू रजक यहां घर पर बच्चों के साथ रहती है। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई प्रकाश रजक ने अपनी पत्नी वन्दना तथा पिता रामबरन व मां ऊषा देवी के साथ एक राय होकर उसकी पत्नी को आए दिन मारते पीटते हैं। आठ अक्टूबर को भी आरोपितों ने उसे मारापीटा और घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन जांच के नाम पर पुलिस हीलाहवाली करती रही। परेशान होकर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर मंगलवार को लीलापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बाल अधिकार को लेकर बच्चों को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय कटरा बलीपुर में मिशन शक्ति अभियान के तहत बाल अधिकार सप्ताह का आयोजन किया गया। आर्थिक अनुसंधान केंद्र प्रयागराज के तत्वावधान आयोजित कार्यक्रम में बाल अधिकार को लेकर बच्चों को जागरुक किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों के बीच बाल अधिकारों को लेकर चित्रकला व मेंहदी प्रतियोतिगता का आयोजन भी हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने कार्यक्रम के ध्येय पर महत्व बताया। उन्होंने नौनिहालों को बाल अधिकार से जुड़ी विधिक जानकारियों के बारे में विस्तार से समझाया। आर्थिक अनुसंधान केंद्र के रणविजयए अलका व पूनम ने बाल कल्याण समितिए किशोर न्याय बोर्ड, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम आदि से जुड़ी जानकारियों के प्रति जागरुक किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक संतोष मिश्र ने बच्चों को पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर, वीमेन पावर हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान छात्र.छात्राओं ने चित्रकारी के माध्यम से बाल अधिकार से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके लिये अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। एआरपी राजेश वर्मा, नोडल अधिकारी गिरजानंद ने भी बच्चों से जुड़ी कानूनी जानकारियां साझा किया। इस मौके पर प्रधान सुनीता मौर्य, दीप्ती मिश्रा, स्मृति मिश्राए नरेंद्र ओझा, आनंद त्रिपाठी, संगीता, शिव कुमार समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्री समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालिका की हत्या के बाद देर रात घटना स्थल पर पहुंचे एडीजी आईजी



अखंड भारत संदेश

**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेरहा गांव में सोमवार की शाम रेप का मुकदमा लिखाने वाली बालिका का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया मामले की जानकारी मिलने के बाद सोमवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर व आईजी रेंज प्रयागराज चंद्र प्रकाश घटनास्थल पर पहुंचे हैं ग्रामीणों से पूछताछ की है पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा मृतक के परिजनो से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच एवं घटना के यथाशीघ्र अनावरण कराने हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी उपस्थित रहे बता दे कि रेप पीड़िता को बयान के लिए थाना पुलिस ने बुलाया था जब रेप पीड़िता थाना से वापस घर जा रही थी तो बेरहमी से उसका कत्ल कर दिया गया है पुलिस रेप पीड़िता को सुरक्षा नहीं दे सकी।

## विवाद के दौरान हुई फायरिंग, गोली लगने से भाई-बहन हुए घायल

**पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर हुआ विवाद**



**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते सोमवार की शाम को दो पक्षों में विवाद हो गया,विवाद बढ़ा तो एक पक्ष ने मारपीट कर फायरिंग कर दी,फायरिंग में दूसरे पक्ष से भाई और बहन को गोली लग गई,जिससे दोनो घायल हो गए,दोनो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,वही पुलिस गोली चलने की घटना से इनकार कर रही है,जबकि युवती के पैर में गोली लगने की बात सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के थाम्बा अलावलपुर गांव में सोमवार की देर शाम पुरानी रंजिश में विवाद के दौरान मारपीट और फायरिंग हुई है।फायरिंग में एक पक्ष के भाई और बहन गोली लगने से घायल बताए जा रहे है। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने गांव के दो लोगों को हिरासत में भी लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है,जिसको देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

## ग्राम पंचायत-शमसाबाद में 22 नवम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू की ग्राम पंचायत-शमसाबाद में 22 नवम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गाँवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। विनोद कुमार सोनकर सांसद दिनांक 22 नवम्बर 2023 को मध्यान्ह 12 बजे विकास भवन परिसर से विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। वैन द्वारा जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचायी जायेंगी समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्वमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ-ह्वधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।



## तिहरे हत्याकांड के आरोपियों के बचाव में उतरे नेता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव के पंडा चौराहे पर 15 सितंबर को होरीलाल उनकी पुत्री वा उनके दामाद सहित तीन लोगों को गोली मारकर बेरहमी से कत्ल कर दिया गया था मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और कई हमलावरों को पुलिस ने जेल भेजा इसी मामले में मृतक होरी लाल के बेटे को भी पुलिस ने तमंचा के रखने के आरोप में जेल भेज दिया है मंगलवार को राष्ट्रीय जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के नेता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं और प्रदर्शन करते हुए तीसरी हत्याकांड के आरोपियों पर दर्ज मुकदमे की न्यायोचित सीबीआई जांच कराए जाने की मांग सहित विभिन्न मांग पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सौंपा है उन्होंने कहा कि जो निर्दोष लोग हैं उन्हें रिहाई दी जाए धरना प्रदर्शन कर रहे नेताओं का कहना है कि जिन्हें हमलावर बताया जा रहा है उनके घर में भी आगजनी और लूटपाट की घटनाएं हुई है उन्हें मुआवजा की रकम सरकार से दिलाई जाए नेताओं का कहना है कि मुकदमा दोनों पक्षों के ओर से दर्ज हो अब सवाल उठता है कि तीन लोगों की हत्या करने वाले लोगों के बचाव की बात करने वाले यह नेता किस हद तक नैतिकता को त्याग चुके हैं इन्हें समाज में अमानत चैन शांति अच्छी नहीं लग रही है तीन लोगों की हत्या करने वाले लोगों के बचाव करने वाले नेताओं के कारनामों को पुलिस अधिकारियों को संज्ञान लेना होगा वरना अपराधियों का मनोबल बढ़ाने में यह नेता पीछे नहीं रहेंगे।

## वैदिक यज्ञ राम कथा भजन कीर्तन शोभायात्रा का अझुवा में आयोजन

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा की सब्जी मंडी में राम कथा भजन शोभा यात्रा वैदिक यज्ञ आदि का आयोजन 23 नवंबर से 25 नवंबर तक किया गया है वैदिक विदुषी अंजली आर्य हरियाणा एवं संगत मंडली द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा 23 नवंबर को भव्य शोभा यात्रा के साथ वैदिक यज्ञ भजन एवं भगवान राम कथा का आयोजन 24 और 25 नवंबर को राम कथा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार समिति और हनुमत मानस मंडल के सहयोग से भगवान की राम कथा भजन वैदिक यज्ञ शोभायात्रा हवन यज्ञ आदि का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के आयोजन में पंचम लाल मौर्य और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा सहित तमाम लोगों का सहयोग है।

### महिला की जमीन पर जबरिया हो रहा है कब्जा

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा की समावा देवी पत्नी नत्थू लाल की जमीन पर जबरिया कब्जा हो रहा है उसकी फसल दबंग जबरिया उठा ले जाते हैं मामले की उसने थाना दिवस तहसील समाधान दिवस आईजीआरयस पोर्टल सहित विभिन्न अधिकारियों से की लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है जिस पर महिला उप जिलाधिकारी चायल से मिली और उसकी निजी भूमि पर जबरिया कब्जा करने और फसल ले जाने वाले लोगों को रोकने और उन दबंगो पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है दबंग जबरिया फसल काटने की धमकी दे रहे हैं लेखपाल को मौके पर भेजने का निर्देश अधिकारियों द्वारा दिया गया लेकिन लेखपाल मौके पर जाने से इनकार कर रहा है जिससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है

### विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को सौपा ज्ञापन

**कौशांबी।** जनपद के किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर प्रबुद्ध जनता पार्टी के नेता अनिल केसकर जाटव के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे हैं और उन्हें किसानों से संबंधित तमाम समस्याओं के निस्तारण के लिए ज्ञापन सौपा है दिए गए ज्ञापन के मुताबिक धान खरी केदो में व्याप्त अनियमितता के कारण किसानो को धान विक्रय में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है विभिन्न सहकारी समितियां में डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सही मात्र से ना हो पाने से आगामी फसल की बुवाई करने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है किसान नेताओं ने कहा कि सहकारी समितियां में उर्वरक की कालाबाजारी हो रही है और उसकी पूर्ति के लिए किसानों के बिल वाउचर और आधार कार्ड में अधिक बिक्री दर्ज की जा रही है जिसका किसान विरोध कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है किसान नेताओं ने बताया कि हब्बू नगर सहकारी समिति में प्रति बोरी किसानों से 10 की अधिक वसूली खुलेआम हो रही है नेताओं ने धान खरीद की अव्यवस्था और उर्वरक की अव्यवस्था पर कार्यवाही की मांग की है इस दौरान संगठन के कई लोग मौके पर मौजूद रहे।

### आदर्श इंटर कॉलेज के अध्यापकों की लापरवाही से छात्र का भविष्य बर्बाद

**कौशांबी।** आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल के अध्यापकों की लापरवाही के चलते बोर्ड परीक्षा का फॉर्म भरते समय संस्कृत के बजाय उर्दू लिख गया है जिससे छात्र के सामने समस्या उत्पन्न हो गई है छात्र ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की है बताते चलें कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र शिवनाथ पुत्र वासुदेव ने संस्कृत का फॉर्म बोर्ड परीक्षा में भरा है लेकिन विद्यालय के अध्यापकों की लापरवाही के चलते संस्कृत के स्थान पर उसके बोर्ड परीक्षा फॉर्म में उर्दू लिख गया है अब यह छात्र उर्दू की पढ़ाई नहीं कर रहा है जिससे यह उर्दू की परीक्षा कैसे देगा तमाम प्रयास के बाद भी छात्र का विषय सुधार नहीं हो रहा है जिससे छात्र का भविष्य बर्बाद हो रहा है लेकिन दोषी शिक्षकों पर अभी तक जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्रवाई नहीं किया है प्रबंध तंत्र ने भी दोषी शिक्षक पर कार्यवाही नहीं की है।

### फर्जी फास्टटैग के मामले में वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा में फर्जी फास्ट ट्रैग के जरिए वाहनों को निकालने वाले आरोपी के बिरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 262 /23 धारा 420 467 468 471 506 120 बी आईपीसी वा 66 डी आई टी एक्ट से संबंधित दर्ज हुआ था मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी वांछित अभियुक्त नूर मुजस्सम पुत्र इसरार अहमद निवासी सिहोरी थाना कोखराज को प्रभारी निरीक्षक कोखराज द्वारा मंगलवार को सकाढ़ा से रोही जाने वाली मार्ग पर गिरफ्तार किया गया आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद थाना पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## सर्वर की समस्या कर्मचारियों के मठाधीसी से बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ता हो रहे परेशान

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** सरकार ने विद्युत बिलों के जमा करने में छूट की घोषणा की है लेकिन बिजली विभाग के कार्यालय में पूरे दिन सरवर की समस्या बनी रहती है जिससे उपभोक्ताओं को कई कई घंटे लाइन में खड़े रहकर बिल जमा करने का इंतजार करना पड़ता है वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी भी मठाधीश हो गए हैं जो ड्यूटी पर बैठने के बाद भी काम ठीक से नहीं करते हैं कामचोर कर्मचारियों के चलते बिजली उपभोक्ताओं का बिल नहीं जमा हो पा रहा है सरकार की छूट का लाभ बिजली उपभोक्ता लेना चाहते हैं और बकाया बिल जमा करने के लिए बिजली उपभोक्ता उतावले दिखाई पड़ रहे हैं बिजली कार्यालय में पूरे दिन बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रहती है लेकिन समय से बिल न जमा होने के चलते उपभोक्ताओं में आक्रोश प्राप्त है समस्याओं के समाधान के प्रयास भी बिजली विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं मंगलवार को फिर मंझनपुर के अधिशासी अभियंता कार्यालय में बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को दिक्कतों से जूझना पड़ा है बिल जमा करने वाले काउंटर में उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही लेकिन सर्वर डाउन होने का बहाना करके बिजली कर्मचारियों ने बिल नहीं जमा किया है जिससे तमाम बिजली उपभोक्ताओं को वापस लौटना पड़ा है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजे घायल

**कल्यानपुर कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेड़ीमोड़ पुलिस चौकी अंतर्गत नेशनल हाइवे कल्यानपुर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार चाचा भतीजे को रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे चाचा भतीजे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है रोडवेज बस लेकर चालक फरार हो गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक रेजमा निवासी बृजलाल एवं उनका भतीजा रंजीत पुत्र सूरजबली मंगलवार को बाइक से सैनी से वापस घर जा रहे थे जैसे ही वह कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल्यानपुर के नजदीक रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे कानपुर की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने बाइक सवार चाचा भतीजे की बाइक में पीछे से जोर दार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार चाचा भतीजे दोनों सड़क पर वाहन समेत सड़क से दूर जा गिरे और लहूलुहान हो गए मौके पर कोहराम मच गया हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई लोग बचाव एवं राहत कार्य में लग गए बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद रोडवेज बस प्रयागराज की ओर चली गई है हादसे में घायल चाचा भतीजे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां भतीजे की हालत गंभीर बताई जाती है हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## अधिग्रहीत मकान का भुगतान लेने के बाद भी दबंग नही हटा रहा दीवार

**राष्ट्रीय राजमार्ग के टेढ़ीमोड़ चौराहे का मामला पीड़ित ने डी एम को दिया प्रार्थना पत्र**

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** जनपद के गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग दो के सिक्स लेन के चौड़ीकरण का अधिकांश कार्य पूर्ण होने वाला है। लेकिन विभाग के उदासीन रवैए के कारण अभी भी कुछ जगहों पर अधिग्रहीत की गई जमीनों के मुआवजा राशि के पूर्ण भुगतान के बावजूद गृहस्वामी के द्वारा पूर्ण कब्जा न हटाने से विवाद की स्थिति बनी हुई है। मामला सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ चौराहे का है जहां पर हाइवे के दक्षिण साइड बम्हरौली रोड लिंक मार्ग के पास चौड़ीकरण में संतोष, धीरेंद्र पुत्रगण भोलानाथ जायसवाल का गाटा संख्या 1184 में मकान था जिसे एनएचएआई ने पूर्ण रूप से पूरा मकान अधिग्रहण करते हुए मुआवजे के संपूर्ण धनराशि का भुगतान कर दिया है। इसी मकान के पीछे इसी गाटा संख्या में जुनैद पुत्र इनायत उल्ला का भी मकान बना हुआ है जिसका कुछ भाग विभाग ने अधिग्रहण करते हुए मुआवजे की राशि का भुगतान कर दिया। जुनैद का आरोप है की उसने मुआवजा मिलने के बाद विभाग द्वारा अधिग्रहण किए गए भाग का ध्वस्तीकरण करा दिया लेकिन उनके आगे बने संतोष, धीरेंद्र ने अधिग्रहण मकान का पूरा ध्वस्तीकरण न कराकर आगे हिस्सा ध्वस्त करके केवल पीछे की दीवाल दबंगई के बल पर खड़ी कर रखी है जिससे मेरा मकान खड़ी दीवाल के कारण दबा हुआ है। सोमवार को जुनैद ने डी एम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराते हुए दबंग की खड़ी दीवाल को ध्वस्त कराए जाने की गुहार लगाई है जिससे दबंग का कब्जा है सके और वहां से आने जाने वालों को भी सुविधा हो सके और पीड़ित के न्याय मिल सके।

## ससुरालियों से प्रताड़ित विवाहिता पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय

**कौशाम्बी।** ससुराल वालों की प्रताड़ना से पीड़ित एक विवाहिता सुषमा देवी सरोज पुत्री जसकरण सरोज निवासी हब्बू नगर थाना कड़ा धाम मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर बताया कि शादी 8 मई 2021 को हिंदू रीति रिवाज से राजेंद्र कुमार पुत्र राजकुमार पासी निवासी टेंगाई थाना कोखराज के साथ हुई थी पिता ने शादी में दान दहेज नगद तिलक सामान बर्तन कपड़ा मोटरसाइकिल आदि लड़के को दिया था लेकिन शादी के बाद से ही दहेज में कम सामान लाने के लिए ससुराल में गाली गलौज मारपीट उत्पीड़न शुरू हो गया आए दिन ससुराल में मारते पीटते हैं गला दबाकर मेरी हत्या करने की धमकी देते हैं मारपीट करने में पति के साथ ससुर राजकुमार सास पियरिया ननंद सुशीला देवी उसके पति और ननंद शर्मिला देवी देवर धर्मेंद्र कुमार सब एक जुट हो करके मारपीट उत्पीड़न करते हैं 25 मार्च 2022 को बेटी ने जन्म लिया उसके कुछ दिन बाद मारपीट बढ़ गई गला दबाकर बार-बार हत्या करने का प्रयास करते हैं मारपीट कर घर से भगा दिया जिस पर वह मायके चली गयी 8 महीने तक लगातार मायके में रही मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस ने मामले में 17 मार्च 2023 को सुलह समझौता कराते हुए फिर ससुराल भेज दिया समझौते के बाद 3 महीना फिर ससुराल में रही लेकिन फिर पुराना रवैया शुरू हो गया दहेज के लिए उलाहना दिया जाने लगा प्रताड़ना शुरू हो गया रोज-रोज मारपीट होने लगी और मारपीट कर जेवर कपड़ा सारे सामान छीनकर विवाहिता को घर से भगा दिया मामले की सूचना फिर स्थानीय पुलिस को दिया पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाया और लोगों के बीच मामले को बातचीत के द्वारा 28 8 2023 को फिर समझौता कर दिया समझौते के अनुसार जीवन के खर्चे के लिए पति द्वारा खर्च दिया जाएगा केवल एक बार बेटी की दवाई के लिए 500 दिया लेकिन समझौते के बाद खर्चा नहीं दिया जा रहा आए दिन धमकी दी जाती है कि हत्या करके इसको फेंक देंगे।

## न्यूज झरोखा

### विद्यालय को निपुण बनाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को किया सम्मानित




**भरवारी कौशाम्बी।** संकुल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन 21 नवम्बर को कंपोजित विद्यालय परसरा में किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज सुनील कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश सिंह यस आरजी तथा आरपी अवनीश मिश्रा उपस्थित रहे बैठक में विद्यालय को निपुण बनाने के लिए कार्य योजना बनाई गई तथा अध्यापकों द्वारा अपने विद्यालय का प्रस्तुतीकरण किया गया खण्ड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज ने विद्यालय को निपुण बनाने में कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी शिक्षकों से कहा कि दिसंबर 2023 तक विद्यालय को निपुण बनाना है आज की बैठक में पुराने पंचायत रोहित सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं शिक्षामित्र अनुदेशक उपस्थित रहे कार्यक्रम के संयोजक कंपोजिट विद्यालय परसरा प्रधानाध्यापक रविंद्र मिश्रा सरिता चौधरी नीतू सक्सेना सुचित्रा विश्वकर्मा रिचा शर्मा जगदीप विवेक मिश्रा आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

### नेशनल इंटर कॉलेज ने भवंस मेहता कॉलेज को 20 रन से हराया



**भरवारी कौशाम्बी।** डॉ एएच रिजवी पीजी कॉलेज करारी में 21 नवम्बर को नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी कौशांबी और भवंस मेहता विद्या आश्रम कॉलेज भरवारी के बीच क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें नेशनल इंटर कॉलेज ने भवंस मेहता कॉलेज को 20 रन से हरा दिया नेशनल इंटर कॉलेज के अंशु सोनकर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद शिक्षक भुवनेश्वर तिवारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार कोच वरुण शंकर मिश्र सहायक कोच सुनील यादव व दीपांशु तिवारी उपस्थित रहे कॉलेज के प्रधानाचार्य ने विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय परिवार की तरफ से बधाई दी है।

### पाप छिपाने के लिए निर्दयी मां ने ममता को किया कलंकित



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के भडेहरी मोड़ पर मंगलवार की सुबह सवेरे ग्रामीणों ने पुआल में रोते कराहते बच्चे की आवाज सुनी नजदीक जाकर देखा तो एक नवजात जीवित लड़की कराह रही थी मासूम बच्ची को जगह जगह चूहों कीट पतंगों ने काट काट कर लहूलुहान कर दिया था ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया किंतु कोई मौके पर पहुंच नहीं सका थक हार कर ग्रामीण निजी साधन में लेकर उपचार हेतु अस्पताल ले गए।

### आशीष दिब्यांग म्यूजिकल ग्रुप ने किया अखंड रामायण का पाठ



**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे में अखंड रामायण के पाठ के आयोजन में आशीष दिब्यांग म्यूजिकल ग्रुप रीवा मध्य प्रदेश से भरवारी पहुंचे हैं और भरवारी निवासी शंकर लाल अग्रहरी मेहता रोड परसरा चौराहा के घर मे दो दिवसीय अखंड रामायण एवम सुंदर काण्ड तथा भक्ति भजन का कार्यक्रम आशीष दिव्यांग म्यूजिकल ग्रुप रीवा द्वारा किया जा रहा है जहां नगर के भक्तों की भीड़ लगी है इस मौके पर शंकर लाल के अलावा प्रखर सक्सेना दीपू अग्रहरी शिवम अग्रहरी शुभम मिथलेश शिवम बादशाह सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षण केंद्र सिंघिया भरवारी मे किया गया निबंध लेखन कार्यक्रम




**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 15 नवंबर 2023 से 26 नवंबर 2023 तक चलाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस बिरसा मुंडा की जयंती पर संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने बिरसा मुंडा के बारे में एवं 15 नवंबर से 26 नवंबर 2023 तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जैसे निबंध लेखन नृत्य प्रतियोगिता वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा 21 नवम्बर को प्रशिक्षण केंद्र सिंघिया भरवारी में निबंध लेखन कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह अनुदेशिका रूबी सुनीता देवी सुरेखा कोमल ऊष्मा महिमा कोमल मौर्य आदि प्रतिभागी मौजूद रहे।

### जल निगम की पाइप फटने से सड़क किनारे भरा रहता है पानी



**कौशांबी।** मूरतगंज ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा काजू , समसपुर के भरवारी , मनौरी मार्ग चरवा थाना के पास सड़क के किनारे पर जल निगम का पाइप फटने से जल जमाव हो गया है। आप को बताते चले की सरकार जल बचाव के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाए लाई है ताकि पानी का बचाव हो सकें और पानी का सही प्रयोग और बेवजह पानी बर्बाद न हो सकें। लेकिन पिछले कई साल से चरवा थाना के पास सड़क किनारे जल निगम का पाइप फटने से जल बर्बाद हो रहा और जल जमाव की वजह से ग्रामीणों को काफी दिक्कत का समाना करना पड़ता है। लगातार सड़क और उसके आसपास पानी भरा रहने से सड़क खराब होती हैं वहीं ग्रामसभा समसपुर के बलवंत सिंह यादव, लल्ला सिंह यादव ओम प्रकाश पाल, अमित कुमार विश्वकर्मा अरुणेश मिश्र आदि ग्रामीणों ने जल निगम विभाग को शिकायत की लेकिन आज तक जल निगम की फटी पाइप को जल निगम विभाग द्वारा ठीक नहीं कराया गया जिससे ग्रामीण और क्षेत्रवासियो मे आक्रोश है।

### चौकीदार तैनात होने के बावजूद गायब हो गए 13 लैपटॉप

**कौशाम्बी** जिले के संदीपनघाट थाना क्षेत्र में बेरोजगार छात्र छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से कंप्यूटर की ट्रेनिंग दी जा रही है,कौशल विकास मिशन के प्राइवेट सेंटर से 13 लैपटॉप गायब हो गए,केंद्र संचालक और ट्रेनर ने पुलिस से शिकायत की,शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच में जुट गई है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पल्हाना कछार स्थित राजकीय हाई स्कूल में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का सेंटर चल रहा है,इस सेंटर पर गार्ड और चौकीदार भी संस्था की तरफ से तैनात किया गया है,इसके बावजूद मंगलवार को सुबह सेंटर खुला तो कुल 19 में से 13 लैपटॉप कंप्यूटर लैब से गायब मिले,कंप्यूटर सेंटर के संचालक और ट्रेनर की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच में जुट गई है।

### आम रास्ता मे लगे सरकारी खड़ंजा को खोदकर किया गड्ढा

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गाँव की सरस्वती पत्नी केशलाल ने मंगलवार को शहजादपुर चौकी पहुंचकर तहरीर दिया कहा की मेरे गाँव के ब्रजलाल हजारी शिवलाल बूंदा जोगिंदर सुरेश पटेल ने मिलकर आम रास्ता को खोद डाला है जिसमे महिला को घर से निकलने का रास्ता नहीं है मना करने पर महिला को गाली गलौज वा मार पीट पर उतारू हो जाते और कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकिया दिया जाता है पीड़ित ने पुलिस चौकी शहजादपुर पहुंचकर तहरीर दिया जिसमे महिला ने जिक्र किया की मेरा मुकदमा लिखकर कार्रवाही की जाय।

## संपादक की कलम से

# राजस्थान चुनावों : बुरी तरह लड़खड़ाता नजर आ रहा है तीसरा मोर्चा

पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता व स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व बड़े नेता लगातार चुनावी रैलियां को संबोधित कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। भाजपा जहां सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं कांग्रेस 199 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने भरतपुर सीट राष्ट्रीय लोक दल को गठबंधन में दी है।

जहां कांग्रेस व भाजपा पूरे जोश खरोश के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं तीसरी ताकत बनकर चुनाव परिणाम को बदलने का दावा करने वाले तीसरे मोर्चे के दलों की स्थिति कमजोर लग रही है। विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के नेता बड़े-बड़े दावे कर सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने की बात कह रहे थे। मगर मौजूदा चुनावी परिदृश्य को देखकर तो लगता है कि तीसरे मोर्चे के दल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा पाने में ही नाकाम लग रहे हैं। तीसरे मोर्चे में शामिल बसपा, आप, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, एमआईएमआईएम, वामपंथी दल, हरियाणा की जननायक जनता पार्टी, भारतीय ट्राइबल पार्टी व भारत आदिवासी पार्टी ने चुनाव से पूर्व अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ने के बड़े-बड़े दावे किए थे। मगर चुनावी मैदान में इनमें से कोई भी पार्टी सभी सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतर पाई है।

पिछले चार चुनावों से प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही बहुजन समाज पार्टी ने भी 175 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। इस पार्टी के कई प्रत्याशियों ने तो कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में अपने नाम वापस ले लिए या फिर उनको अपना समर्थन दे दिया है। वहीं तिजारा से पार्टी ने इमरान खान को प्रत्याशी बनाया था। जिसने अंतिम समय में कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव मैदान में उतर गए। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा पार्टी की जीत के बड़े-बड़े दावे तो कर रहे हैं मगर कैसे जीतेंगे इस बात का उनके पास कोई जवाब नहीं है।

बसपा सुप्रीमो मायावती भी चुनाव प्रचार में उतर चुकी हैं। उन्होंने पूर्वी राजस्थान के अलवर, भरतपुर, झुंझुनू जिलों की कई विधानसभा सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं भी की हैं। बसपा के सामने सबसे बड़ा संकट पार्टी की साख को लेकर है। बसपा से 2008 व 2018 में 6-6 विधायक चुने गए थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में शामिल होकर पार्टी को धत्ता बता दिया था। इसलिए लोगों का मानना है कि यदि बसपा के प्रत्याशियों को जिता भी दिया तो वह पार्टी में रहेंगे इस बात की क्या गारंटी है। पिछली बार के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को 6 सीटें व 4.03 प्रतिशत मत मिले थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जहां पिछली बार 142 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं इस बार सिर्फ 88 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव से पहले तो अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राजस्थान में कई बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया था। मगर चुनाव अभियान के दौरान दोनों ही नेता अभी तक राजस्थान नहीं आये हैं। पिछले चुनाव में आप पार्टी के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। आप को सिर्फ 68051 वोट मिले थे।

नागौर सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे कर रहे थे। मगर चुनाव में उन्होंने सिर्फ 78 सीटों पर ही प्रत्याशी उतारे हैं और उत्तर प्रदेश की आजाद समाज पार्टी कांशीराम के साथ गठबंधन किया है। जिसके अध्यक्ष चंद्रशेखर स्वयं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सीट से चुनाव में बुरी तरह हार चुके हैं। उन्हें मात्र 7640 वोट ही मिले थे। हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित कई बड़े नेताओं के सामने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। यहां तक कि पिछले साल सरदार शहर उपचुनाव में 46000 वोट लेने के उपरांत भी उन्होंने वहां से अपने प्रत्याशी का नामांकन फॉर्म वापस करवा दिया था।

# चर्चा में रहने के लिए देते है ऊल-जलूल बयान

**बाल मुकुन्द ओझा**

नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल-जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते है। विशेषकर चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुकदमे. भी दर्ज हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। बिहार के सीएम को अपने विवादित बयान के लिए सार्वजनिक माफी भी मांगनी पड़ी। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मयार्दाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है। कहा जाता है अभी तो यह ट्रेलर है, 2024 के लोकसभा चुनाव में विवादित बयानबाजी की पिक्चर बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी नफरत फैलाने वाले भाषण को देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने वाला गंभीर अपराध करार दिया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस को निर्देश दिया कि वे स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे भाषण देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करें, भले ही उनका धर्म कुछ भी हो। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि राज्य सरकारें नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के चलते नेताओं के बीच विवादित बयानबाजी का दौर जारी है। जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते है राजनीति के हमाम में सब नंगे है। यहाँ तक तो ठीक है मगर यह नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आजाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे माननीय नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी-गिरामी नेता और मंत्री भी मौके-बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है।

आम आदमी से जुड़े मुद्दों जैसे बेहतर आधारभूत सुविधाएँ, सामाजिक न्याय, सब के लिए शिक्षा और रोजगार, भ्रष्टाचार से मुक्ति, शासन प्रशासन में पारदर्शिता इत्यादि से देश के हर नागरिक को जूझना ही पड़ता है। आम आदमी की परेशानियों से किसी को कोई मतलब नहीं है। महंगाई से आम आदमी को जूझना पड़ेगा। चुनाव में करोड़ों अरबों की धनराशि स्वाहा हो जाती है। चुनाव लोकतंत्र की परीक्षा होती है और इस परीक्षा में राजनीतिक दलों को यह साबित करना होता है कि जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता और लोकप्रियता कितनी है। लोकतंत्र की परीक्षा पास करने के लिए राजनीतिक दल चुनाव में जनता के बीच जाते है। अपने मुद्दे रखते है और बताते है कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता की भलाई के लिए क्या कदम उठाएंगे। मगर वास्तविकता इससे ठीक विपरीत है। चुनाव जीतने के बाद नेता अपनी झोली भरने में लग जाते है।

# स्वदेशी के मंत्र ने भारत के आर्थिक विकास को नये पंख लगा दिये हैं

चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है।

भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गई है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता को संबोधित करते हुए सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि 2027 तक भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत के आर्थिक विकास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वॉकल फोर लॉकल का आह्वान आर्थिक विकास आधार बन रहा है। स्व-भाव एवं स्वदेशी के मंत्र ने आर्थिक विकास को पंख लगाये हैं जिससे अर्थ की गाड़ी तेज रफ्तार से दौड़ने लगी है। भारत की आर्थिक तरक्की दुनिया को स्तंभित करने लगी है, क्योंकि भारत का घरेलू बाजार ही इतना विशाल है कि भारत को विदेशी व्यापार पर बहुत अधिक निर्भरता नहीं करनी पड़ रही है। भारत के बाजार से कई देशों का आर्थिक विकास होता रहा है, अब स्वदेश जागरण से देश का अर्थ देश में ही रहने लगा है

चीन की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से दौड़ी थी और चीन के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार का सर्वाधिक योगदान था परंतु आज भारत की आर्थिक प्रगति में घरेलू कारकों एवं मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का प्रमुख योगदान है। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत की आर्थिक वृद्धि केवल 7 प्रतिशत से कम होने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। सकल घरेलू उत्पाद 5 ट्रिलियन अमरीकी डालर को पार कर जाएगा। भारत की ह्यनीली अर्थव्यवस्थाह्न का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 4 प्रतिशत का योगदान है, जो अवसरों के सागर का प्रतिनिधित्व करता है। तट के किनारे नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों, 12 प्रमुख और 200 से अधिक गैर-प्रमुख बंदरगाहों और नौगम्य जलमार्गों के व्यापक नेटवर्क के साथ, भारत महासागर आधारित व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खड़ा है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कनेक्टिविटी कॉरिडोर (आईएमईसी) सबसे आशाजनक कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक है। 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित, आईएमईसी एक मल्टीमॉडल आर्थिक गलियारा है जिसमें शिपिंग, रेलवे, रोडवेज, बिजली केबल, हाई-स्पीड डेटा केबल और एक हाइड्रोजन पाइपलाइन शामिल है। गलियारे का उद्देश्य परिवहन दक्षता को बढ़ाना, रसद लागत को कम करना, आर्थिक एकता को बढ़ावा देना, रोजगार उत्पन्न करना और ग्रीनहाउस गैस




उत्सर्जन को कम करके एक स्वच्छ, सुरक्षित दुनिया में योगदान देना है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है, बड़ी आबादी को आर्थिक विकास का माध्यम बनाने में सरकार की सूझबूझ एवं योजनाएं कारगर साबित हो रही है। बड़ी आबादी के अनेक तरह के नुकसान हैं तो इसी से भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन बन रहा है बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक स्तर पर सुपर पावर बनने के पीछे भारत के विशाल आंतरिक बाजार, स्व-भाव एवं स्वदेशी का दर्शन मुख्य कारण है। आम जनता में स्व का भाव जगा कर, उनमें राष्ट्र प्रेम एवं स्व-संस्कृति की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। इससे आर्थिक गतिविधियों को देशहित में करने की इच्छा शक्ति नागरिकों में जागृत होती है और देश के आर्थिक विकास में प्रबल तेजी दृष्टिगोचर होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वर्ष 1925 में, अपनी स्थापना के बाद से, भारतीय नागरिकों में स्व का भाव जगाने का लगातार प्रयास कर रहा है।

निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, शीघ्र ही भारत विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान है कि दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। निस्संदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जो भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है। भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने को सकारात्मक रूप देने की अपेक्षा है, जिसमें गरीबी एवं भूखमरी का कलंक मिटना जरूरी है। आजादी के अमृत महोत्सव तक की आर्थिक यात्रा का लक्ष्य अब प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना को हासिल करने का हो, देश में मानवीय मूल्यों, शांति एवं अहिंसक सिद्धांतों और आर्थिक समानता पर ध्यान देना होगा। भारत ने इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखाई है। इसी से गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे नागरिकों को कल का मध्यम वर्ग बनाएगी, इससे देश में विभिन्न उत्पादों का उपभोग बढ़ेगा तथा देश की आर्थिक उन्नति की गति भी तेज होगी। यह भारतीय सनातन संस्कारों के चलते ही सम्भव हो पाया है।

भारत में विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सनातन संस्कारों का पालन करते हुए गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है और गरीब देश होने से दंश से तेजी से उबरने लगे हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक एवं प्रेरणा है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। भारत की आर्थिक सोच, नीतियां एवं योजनाएं अब दुनिया के लिये अनुकरणीय बन रही है। दुनिया भारत की ओर संभावनाओं एवं आशाओं की नजर से देखने लगी है, यह बड़ा एवं सकारात्मक परिवर्तन न केवल आर्थिक महाशक्ति बल्कि विश्व का नेतृत्व करने की क्षमताओं का संकेत दे रहा है, जो सुखद है।

**-ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# इजरायल-हमास टकराव में युद्ध का मैदान बनता अस्पताल

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

मानव इतिहास में शायद यह पहला उदाहरण होगा जब हॉस्पिटल युद्ध का मैदान बना हो। इजरायल-हमास युद्ध में यही हो रहा है। आज गाजा पट्टी का अल-शिफा हॉस्पिटल रणक्षेत्र बन गया है। इसके लिए अकेले इजरायल को दोष देना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है, वहीं हॉस्पिटल को युद्ध का मैदान बनाना भी किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता। जो परिस्थितियां सामने आ रही हैं उसने हालात ही ऐसे बना दिए हैं। इजरायल दावा कर रहा है कि अस्पताल परिसर में आतंकवादी गतिविधियों के बुनियादी ढांचे के संकेत मिले हैं। इजरायल का दावा है कि अस्पताल के नीचे हमास का मुख्यालय और कमांड सेंटर है और यहां से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन हो रहा है। वहां से भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा भी मिला है। दूसरी ओर निर्दोष नागरिक जान गंवा रहे हैं। इजरायल के सामने दोहरा संकट है। एक और तो निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश दो खेमों में बट चुके हैं। एक तरफ हॉस्पिटल क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई के लिए इजरायल को दोषी ठहराया जा रहा है तो दूसरी तरफ हमास की आतंकवादी गतिविधियों को दोषी ठहराया जा रहा है।

दरअसल 7 अक्टूबर को हमास ने जिस तरह से इजरायल पर मात्र 20 मिनट में पांच हजार से ज्यादा राकेट दाग कर इजरायल सहित सारी दुनिया को सकते में ला दिया था। जिस तरह से हमास का हमला हुआ उससे इजरायल ही नहीं अपितु सारी दुनिया सकते में आ गई। इसका कारण भी है। इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र, प्रतिरक्षा, और सैन्य व्यवस्था की सारी दुनिया लोहा मानती रही है। हमास द्वारा अचानक एक साथ पांच हजार राकेट दागना और उसके बाद लगातार एक दूसरे में युद्ध जारी रहना इजरायल के सामने बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हालात है। इजरायल सीधे-सीधे इसे अपनी तौहीन समझ रहा है तो उसकी प्रतिष्ठा पर दुनिया के देशों





के सामने आंच आई है। जानकारों की मानें तो हमास के इस हमले में ईरान का हाथ है। ईरान नहीं चाहता कि इजरायल और सउदी अरब के बीच आपसी सुलह हो जबकि अमेरिका दोनों देशों के बीच सुलह या यों कहें कि सहमति करवाना चाहता है। एक तरह से ईरान अमेरिकी प्रयासों को विफल करने में जुटा है।

दरअसल हमास फिलिस्तीनी राजनीतिक व सैन्य संगठन है। यह भी कहा जा सकता है कि यह फिलिस्तीन का चरमपंथी सैन्य संगठन है। 1987 के बाद यह संगठन अस्तित्व में आया है और यह अपने आप में एक शक्तिशाली चरमपंथी संगठन के रूप में विकसित हो चुका है। गाजा पट्टी जानकारों की मानें तो इस क्षेत्र में हमास ने सुरंगों का जाल बिछा रखा है। कौन-सा मेन होल या दरवाजा किस सुरंग का रास्ता है यह पता करना आसान नहीं है। वहीं सुरंगों का यह जाल पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है। अनजाने में यहां प्रवेश करना घातक इस मायने में है कि कब कहां विस्फोट हो जाए अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। जानकारों की मानें तो गाजापट्टी क्षेत्र में चारों तरफ सुरंगों का नेटवर्क फैला हुआ है और यहां से चरमपंथी गतिविधियों के साथ ही रणनीति तैयार करने से लेकर उसे अंजाम देने का नेटवर्क संचालित हो रहा है।

माना जा रहा था कि इजरायल के आगे हमास अधिक दिनों तक संघर्ष नहीं कर पायेगा पर इसके उलट लगभग 40 दिन से अधिक होने के बाद भी जंग कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हमास की ताकत को भी कमतर आंकने की गलती इस मायने में नहीं की जा सकती कि 40 दिनों से संघर्ष करते हुए अभी पीछे हटने को तैयार नहीं है तो दूसरी और इजरायल ने भी अब हमास को पूरी तरह तहस नहस करने का मन बना लिया है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही हो रही है। 40 दिनों में दोनों तरफ से 13 हजार से अधिक लोगों के मरने के समाचार है।

इनमें निर्दोष और बच्चों तक के मरने के समाचार है।

हास्पिटल का युद्ध क्षेत्र में तब्दील होना अपने आप में गंभीर है। इसे किसी भी हालात में सही नहीं ठहराया जा सकता। 1949 के जनेवा कन्वेंशन के अनुसार शिक्षा संस्थान यानी की स्कूल, हॉस्पिटल और धार्मिक स्थानों को युद्ध के लिहाज से सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया हैं। दुनिया के देष इसी का हवाला देते हुए इजरायल की आलोचना कर रहे हैं तो इजरायल का कहना है कि हमास हास्पिटल को सुरक्षा ढाल बनाकर आतंकवादी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। इजरायल का यह भी दावा है कि इजरायल द्वारा 12 घंटे का नोटिस देकर इस क्षेत्र को आतंकवादी गतिविधि मुक्त करने को कहे जाने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। इजरायल का यह भी कहना है कि हमास द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के संचालन के लिए अस्पताल क्षेत्र का उपयोग इंटरनेशनल लॉ का खुले आम उल्लंघन है। उसका यह भी दावा है कि अस्पताल में आवश्यक उपकरण, दवाएं आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि अस्पताल की गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सके।सवाल यह नहीं है कि कौन गलत है या कौन सही? सवाल सीधा यह है कि किसी भी देश या संगठन को नैतिकता के सामान्य सिद्धांतों और इंटरनेशनल मानकों की अवहेलना की अनुमति दी जा सकती। दुनिया के देशों के सामने एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आपसी संघर्ष अब कुछ घंटों या दिनों में समाप्त होने वाला नहीं रह गया है। शक्तिशाली रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका उदाहरण है तो हमास-इजरायल संघर्ष भी इसी दिशा में बढ़ता हुआ है। एक समय था जब यह माना जाने लगा था कि भविष्य के युद्ध चंद घंटों के होंगे वह मिथक पूरी तरह से टूट गया है। इंटरनेशनल हालात से एक बात और साफ हो गई है कि यूएनओ अपना वर्चस्व व पहचान खोता जा रहा है। यूएनओ की दशा और दिशा दोनों पर ही मंथन की आवश्यकता है। जब अस्पताल जैसे क्षेत्र आतंकवादी गतिविधियों और सैन्य प्रतिक्रिया के केन्द्र बनते जा रहे हैं तो इंटरनेशनल लॉ और सहमति व उसकी बात बेमानी होगा। कौन दोषी है या कौन निर्दोष, इससे इतर दुनिया के देशों, बुद्धिजीवियों, शांतिवादी शक्तियों व गैरसरकारी संगठनों को आगे आकर इस पर गंभीर चिंतन मनन करना होगा।

# चुनावी राज्यों में 245 करोड़ रुपये से ज्यादा मादक पदार्थों की बरामदगी चिंता का विषय

चुनाव में शराब बांटने का प्रचलन बहुत पुराना है और इस बार भी इसमें कोई कमी नहीं आई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 86.82 करोड़ रुपये की शराब तेलंगाना में जब्त की गई है। चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर यह एलान किया है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम- इन पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इन चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की कैश रकम, शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती सामान पकड़ा गया है। इस बात में किसी को कोई शक कतई नहीं होगा कि इस भारी-भरकम कैश, शराब, मादक पदार्थों और कीमती वस्तुओं का इस्तेमाल चुनाव में मतदाताओं को लुभाकर वोट हासिल करने के लिए ही किया जाना था। चुनाव आयोग द्वारा दिया गया बरामदगी का विस्तृत डेटा चौंकाने से ज्यादा चिंता पैदा करता है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 2018 के राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में इस बार चुनावी राज्यों में बरामदगी में सात गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है और चुनाव के आखिर तक अभी इसमें और ज्यादा बढ़ोतरी होने की संभावना है।

चुनाव में शराब बांटने का प्रचलन बहुत पुराना है और इस बार भी इसमें कोई कमी नहीं आई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 86.82 करोड़ रुपये की शराब तेलंगाना में जब्त की गई है। दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश है जहां से 69.85 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है। राजस्थान में अब तक 51.29 करोड़ रुपये की शराब जब्त की जा चुकी है और यहां यह आंकड़ा अभी और ज्यादा बढ़ना तय है।

क्षेत्रफल के आधार पर पांचों राज्यों में सबसे छोटे राज्य मिजोरम में 4.67 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है और इस मामले में छत्तीसगढ़ सबसे नीचे है जहां से 2.16 करोड़ रुपये की कीमत की शराब जब्त की गई है।

लेकिन सबसे ज्यादा चिंताजनक बात इन राज्यों से बरामद किए गए ड्रग्स जैसे मादक पदार्थों का आंकड़ा हैं। चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए ड्रग्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, यह अपने आप में भारतीय लोकतंत्र, चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों पर कई तरह के गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 103.74 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ तेलंगाना में जब्त की गई है। दूसरे नंबर पर राजस्थान है जहां से 91.71 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। मादक पदार्थों की जब्ती के मामले में तीसरे नंबर पर मिजोरम है जो क्षेत्रफल के आधार पर पांचों चुनावी राज्यों में सबसे छोटा राज्य है। मिजोरम में 29.82 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मध्य प्रदेश में 15.53 करोड़ रुपये और छत्तीसगढ़ में 4.55 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है।

पांचों चुनावी राज्यों में कुल मिलाकर 214.8 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है जबकि इससे ज्यादा 245.3 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों की जब्ती की गई है। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि, यह वह आंकड़ा है जो चुनाव आयोग के अधिकारियों और टीम ने जब्त किया है और यह माना जाता है कि इससे कई गुना ज्यादा निश्चित तौर पर बंटा होगा। यानी यह समस्या बहुत विकराल है। ऐसे में किसी न किसी को तो पहल कर इसपर रोक लगाने के लिए आगे बढ़ना ही होगा। तमाम राजनीतिक दलों को भी मिल-बैठकर यह तो सोचना ही चाहिए कि आखिर मतदाताओं को लुभाने की कोई तो सीमा होनी चाहिए क्योंकि चुनाव में वोटरों को लुभाने कर लिए शराब के साथ-साथ ड्रग्स तक का इस्तेमाल किया जा रहा हो, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ और हो नहीं सकता। अगर राजनीतिक दल स्वेच्छा से इस पर कदम आगे नहीं बढ़ाते हैं तो फिर चुनाव आयोग को खुद से आगे बढ़कर इस पर कदम उठाना चाहिए या फिर सुप्रीम कोर्ट को इसका स्वतः संज्ञान लेकर सबको नोटिस जारी कर, सुनवाई करने के बाद कठोर नियम या कानून बनाना चाहिए।

**-संतोष पाठक**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।**

# तीर्थक्षेत्र के सुन्दरीकरण का डीएम ने किया बारीकी से निरीक्षण

## यूपीटी, रामघाट, बरहा हनुमानजी, यात्री सुविधा स्थल को करें चौकसः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने यूपीटी, रामघाट, बरहा हनुमानजी, यात्री सुविधा स्थल पर हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यूपीटी चैराहे पर बन रहे फाउंटेन बाबत क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि आर्किटेक्ट से कहें कि इसे बढ़िया ढंग से डिजाइन करें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि फाउंटेन पर जालीदार स्टोन लगवायें। स्टोन ऑर्डर देकर जल्द पूरा करायें। बोरिंग कार्य व बिजली कनेक्शन भी करायें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि म्यूरल वॉल जल्द पूरा करायें। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि चैराहे से अतिक्रमण हटाए, ताकि सुन्दरीकरण हो सके।



निरीक्षण करते डीएम।

चैराहे का सुन्दरीकरण अच्छा होना चाहिए, सेल्फी प्वाइंट भी बेहतर हो। उन्होंने ईओ को निर्देश दिये कि होर्डिंग हटायें। टेंडर से होर्डिंग लगेगी, ताकि सरकार की आय में वृद्धि हो। रामघाट पर 11.50 मी की ऊंचाई के बन रहे गेट बाबत कहा कि आर्किटेक्ट के अनुसार स्टोन भी लगवायें। ईओ से कहा कि रोड किनारे दुकानदार को नोटिस दें। बरहा हनुमान पर बने गेट व नाली निर्माण काय देखे। कार्यदाई संस्था से कहा कि पत्थरों में घिसाई करवायें। नाली के बगल में खाली जगह में मिट्टी भरायें। शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य होने चाहिए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने लेखपाल आलोक प्रसाद को निर्देश दिये कि टॉयलेट को जमीन का सर्वे कर आख्या दें, अन्यथा कार्रवाई होगी। ईओ को निर्देश दिये कि बरहा हनुमान के पास रोड में रखी गुमटी हटवायें। परिक्रमा मार्ग से हटाए अतिक्रमण स्थल पर दस मीटर पर वियूग डेब का निरीक्षण किया। परिक्रमा मार्ग पर चोपड़ा तालाब भी देखा। कार्यदाई संस्था से कहा कि फाउंटेन बनवायें व पानी भरवाए। मिट्टी की साफ-सफाई कराकर एसटीपी बनवायें, ताकि पानी साफ रहे। फाउंटेन कलरफुल रहना चाहिए, ताकि अच्छा लगे। यात्री सुविधा स्थल सीतापुर का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि लाइट की व्यवस्था करायें। बाउंड्री के सामने अच्छे पेड़-पौधे लगाए। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ कर्वी लालजी यादव, प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को हुई चार वर्ष की सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह की पैरवी से न्यायालय ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को चार वर्ष की सजा व तीन हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

मंगलवार को विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेजप्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने कोतवाली कर्वी में दर्ज मामले के आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र हरिप्रसाद गोसाई निवासी छेछरिया बुजुर्ग कोतवाली कर्वी को चार वर्ष की सजा व तीन हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 11 मई 2016 को कोतवाली कर्वी में एक गांव के वादी ने तहरीर दी थी कि जितेन्द्र उर्फ जीतू ने नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत किया। विरोध पर गाली-गलौज कर बर्बाद करने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा शरदचन्द्र पटेल को सौंपी थी। दरोगा ने 21 मई 2016 को आरोपी को गिरफ्तार किया था। 13 जुलाई 2016 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### एसपी के निर्देश पर तीन पर गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले तीन लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अपराधीतत्वों में खलबली मची है। मंगलवार को थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने रामराज पुत्र धर्मराज यादव निवासी सरधुवा, रमुवा पुत्र त्रिलोकी यादव निवासी सरधुवा व रिंकी पुत्र औबल निवासी खरियारी पुरवा मजरा सरधुवा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

# कोल समुदाय को न्याय दिलाने में लगे एसडीएम

## कोल समुदाय को नहीं पता कहां है जमीनः प्रमोद त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर एसडीएम रामजन्म यादव रविवार को भी कार्यालय में कार्यों को निपटाने में लगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भूमि विवाद के तमाम मामले हैं, जिन्हें निपटाने को कार्यालय आना पडता है।

रविवार को एसडीएम रामजन्म यादव के कार्यालय में रहने पर पूंछा गया कि वे रविवार को भी कार्यालय का काम देखते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तमाम भूमि संबंधी विवाद आते हैं। ऐसे मामलों को निपटाने को कार्यालय आना पडता है। क्षेत्र में ज्यादातर मामले अनुसूचित जाति कोल समुदाय के आते हैं। ऐसे मामलों में कोल समुदाय के लोगों को पता ही नहीं है कि उनकी जमीन कहां है।



एसडीएम रामजन्म यादव।

जागरूक लोग कोलों की जमीन का पता कर लेते हैं। इसके बाद कोल समुदाय के लोगों से कुछ रुपये में ही जमीन का सौदा कर लेते हैं।

उन्होंने बताया कि कोल समुदाय के जिन लोगों को अपनी जमीन होने की जानकारी नहीं होती, वे कुछ ही रुपये में जमीन का सौदा कर देते हैं। उन्हें ये भी नहीं पता होता कि जमीन कहां पर है। ऐसे में उन्हें जो कुछ भी मिल जाता है, वह मुफ्त का प्रतीत होता है। ऐसे मामलों की बारीकी से जांचकर कोल समुदाय को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं।

### कुर्की का वारंटी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा रामकुमार ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ आर्म्स एक्ट के वारंटी व कुर्की के सुरेश पुत्र छोटेलाल निवासी इमिलिया को गिरफ्तार किया।

# हे राम! भाजपा नीति-नियंताओं को दें सद्बुद्धि

## वार्ड मेम्बरी न जीतने वाली को बनाया प्रभारी, कुशल सांगठनिक नेता अशोक जाटव भी बने प्रभारी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा नीति-नियंताओं को ये क्या हो गया है? लोकसभा चुनाव कोई मजाक नहीं है। देश की सर्वोच्च संस्था के चयन का मामला है। ऐसे में भाजपा नीति-नियंताओं ने क्या देख-सोंच व समझ तथा चिन्तन कर रंजना उपाध्याय को लोकसभा का फतेहपुर प्रभारी बनाया है, वहीं सांगठनिक क्षमता से लबरेज जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को जालौन लोकसभा प्रभारी बनाकर नीति-नियंताओं ने चुनावी कौशल का परिचय भी दिया है।

मंगलवार को भाजपा नीति-नियंताओं की सोंच-समझ का खुलासा हुआ। बताया गया कि रंजना उपाध्याय एक अभिजात्य वर्ग



जिपं अध्यक्ष को प्रभारी बनने पर बधाई देते सांसद व चेयरमैन तथा रंजना उपाध्याय।

से ताल्लुक रखती हैं। उनका आमजनता से कभी कोई सरोकार नहीं रहा। वह वार्ड मेम्बरी भी जीतने की कूबत नहीं रखतीं। उनके आमजनता के लिए कोई उल्लेखनीय कार्य भी नहीं हैं। सांगठनिक क्षमता से बेहद कमजोर रंजना उपाध्याय को नीति-नियंताओं ने फतेहपुर लोकसभा का प्रभारी कैसे बना दिया? ये लोगों को सोंचने पर मजबूर कर देता है। वे जब भाजपा चित्रकूट जिला संयोजक बनी थीं, तब गुटबाजी के चलते कुछ भाजपाइयों की शिकायत हाई कमान से कर दी थी, हाई कमान ने ऐसे भाजपाइयों को नोटिस दी थी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त बाजपेयी ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया था। रंजना उपाध्याय का यहां क्या कहीं भी बेस वोट नहीं है। संगठन मजबूत करने का उनमें कोई माद्दा भी नहीं है। आम जनता से इनकी छोडें, इनके परिवार का भी कोई वास्ता नहीं है।

वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को जालौन लोकसभा सीट का प्रभारी बनाकर भाजपा नीति-नियंताओं ने दूरदर्शी सोंच का परिचय दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव दो बार नगर पंचायत राजापुर के अध्यक्ष रहे हैं। विद्यार्थी परिषद से जुडे अशोक जाटव ने हमेशा भाजपा संगठन को मजबूत किया है। वे नगर पंचायत के चेयरमैन के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष व अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। उनकी सांगठनिक क्षमता का कोई जवाब नहीं है।

# भीषण सड़क हादसाः मासूम समेत पांच की मौत, आठ घायल

## झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग के बगरेही में हादसा, छह घायलों को प्रयागराज भेजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग में जनरथ बस व बुलेरो जीप में आमने-सामने हुई जोरदार भिडन्त में पांच लोगों की मौत हो गई, छह लोग घायल हो गये। दो लोग बस सवार भी घायल हुए हैं। छह घायलों को प्रयागराज भेजा गया है। दो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृन्दा शुक्ला तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को राहत दी।

ये हादसा मंगलवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के बगरेही-लालापुर गांव में दोपहर 12 बजे हुआ। बताया गया कि कर्वी से परिवहन निगम की बस यूपी 78 एफ- 7912 पौने



दुघर्टना स्थल पर लगी भीड़।



मौके पर निरीक्षण करते डीएम-एसपी आदि।

11 बजे रवाना हुई। बुलेरो एमपी 35 सीए- 3858 प्रयागराज से कर्वी की ओर आते समय 12 बजे बगरेही गांव के पास सीधे जनरथ से भिड गई। इस भिडन्त के बाद बस बुलेरो को तकरीबन बीस मीटर घसीट ले गई। हादसे में बुलेरो व जनरथ के परखच्चे उड गये। बुलेरो में सवार सभी 11 लोग मप्र के पन्ना जिले के अजयगढ थाने के ल्यौंचा गांव के थे। बुलेरो सवार पांच लोगों की मौत हो गई। छह घायलों का प्रयागराज में इलाज चल रहा है। मृतकों में दो पुरुष, एक महिला व दो बच्चे शामिल हैं। बस के दो यात्रियों को भी मामूली चोंटे आई हैं। बस के सभी यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य तक भेजा गया है।

बुलेरो सवार पन्ना से प्रयागराज अस्थि विसर्जन को गये थे। वापसी में ये हादसा हुआ। हादसे में प्रताप पटेल (45), जगजीत कुशवाहा (52), आकाशी देवी (12), शरद पटेल (12), रामबाई (35) की मृत्यु हुई है। प्रताप व शरद पिता-पुत्र हैं। बताते हैं कि बुलेरो चालक को नींद आने से ये हादसा हुआ। एसपी वृन्दा शुक्ला ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। बस व बुलेरो को कब्जे में लिया गया है।

### बुलेरो चालक को नींद आने से हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** घटना के बाद मौके पर पहुंचे एक युवक ने बताया कि बुलेरो कार जनरथ बस के सामने तेज रफ्तार से घुसी थी। बुलेरो की स्पीड इतनी तेज थी कि अगला हिस्सा पूरी तरह से बस में घुस गया। बीच वाली सीट पर बैठे लोग उछलकर आगे सीट पर गिरे और इंजन व शीशे में फंस गये। पीछे की सीट पर बैठे लोगों को तो निकाल लिया। आगे बैठे लोगों को निकालने को जेसीबी बुलानी पडी। जेसीबी से बुलेरो को पीछे खींचने पर आगे फंसे यात्रियों को निकाला गया। बस के चालक-परिचालक हादसा होते ही मौके पर भाग गये। डीएम अभिषेक आनन्द ने प्रयागराज मेडिकल कालेज के प्राचार्य से घायलों का समुचित इलाज करने को कहा है।



पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

# दो के कब्जे से 20 क्वार्टर-दस लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब व दस लीटर महुआ शराब बरामद की। मंगलवार को भरतकूप थाने के दरोगा अजहर जमाल ने सिपाही अंकित व राकेश के साथ रामदीन पुत्र रामनारायण यादव निवासी बारामाफी थाना पहाड़ी के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

इसी क्रम में सरधुवा थाने के दरोगा राजेश कुमार राय ने दीवान अरविन्द सोनी के साथ बृजेश कुमार उर्फ रज्जू पुत्र महेश प्रसाद निवासी कालूपुर को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

**युवती की मौतः** हत्या या आत्महत्या

# बिना पोस्टमार्टम के क्यों कर रहे थे दाह संस्कार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के शोभा सिंह पुरवा में 18 नवम्बर को 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध दशा में मौत के मामले में परिजन आत्महत्या दर्शाकर बिना पोस्टमार्टम के ही युवती का दाह संस्कार कर रहे थे। युवती की मौत की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती का पोस्टमार्टम कराया। युवती के पोस्टमार्टम से मौत का असली खुलासा होगा।

कर्वी कोतवाली के शोभा सिंह पुरवा में सेल टैक्स कर्मी रघुनंदन यादव के बडे. भाई बृजनंदन की बेटी गुड्डन कोलगदहिया गांव के मजरा मरजादपुर की है। बताया गया कि 18 नवम्बर को रघुनंदन यादव के पुत्र सत्यनारायण व सत्यम ने गुड्डन को मारा-पीटा था। इससे क्षुब्ध गुड्डन ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। गुड्डन की मौत पर पर्दा डालने को सत्यनारायण व सत्यम ने जीजा प्रेम यादव को घर बुलाया। युवती की लाश को ठिकाने लगाने को पैतृक गांव मरजादपुर ले गए। दाह संस्कार की फिराक में थे कि कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा था। युवती की मौत हत्या है या आत्महत्या। युवती की मौत पर पर्दा डालने की कोशिश क्यों की गई।

सेल टैक्स कर्मी के दामाद प्रेम यादव एक विद्यालय का संचालक है। बिना पोस्टमार्टम के दाह संस्कार करने से कई प्रश्न खड़े हो गये हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

18 नवम्बर को रघुनंदन यादव के पुत्र सत्यनारायण व सत्यम ने गुड्डन को मारा-पीटा था। इससे क्षुब्ध गुड्डन ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। गुड्डन की मौत पर पर्दा डालने को सत्यनारायण व सत्यम ने जीजा प्रेम यादव को घर बुलाया। युवती की लाश को ठिकाने लगाने को पैतृक गांव मरजादपुर ले गए। दाह संस्कार की फिराक में थे कि कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा था।

# जल जीवन मिशन में प्रोजेक्ट मैनेजर की मनमानी

## फजीर्वाड़ा से कर रहा बड़ा खेल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन योजना में प्रोजेक्ट मैनेजर पानी फेर रहा है। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतते हुए मजदूरी के नाम पर फजीर्वाड़ा कर रहा है। जल जीवन मिशन योजना में फजीर्वाडे का खुलासा मंगलवार को हुआ।

बताया गया कि डब्ल्यूटीपी निर्माण कार्य, इंटेकवेल निर्माण, सीडब्ल्यूआर निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, टंकी निर्माण व पाइप लाइन कार्य तथा हाउस कनेक्शन के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। मजदूरी भुगतान में कम मजदूर होने पर भी मनमानी ढंग से हाजिरी भरकर खेल किया जा रहा है। मजदूरों की मजदूरी में कटौती कर चहेतों के नाम पर फर्जी ढंग से मजदूरी भुगतान हो रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर चहेते ठेकेदारों को कार्य देकर अन्य ठेकेदारों का शोषण कर रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर की मनमानी से ठेकेदार भुगतान न होने से बीच में ही कार्य छोड़कर चले गये हैं।

जल जीवन मिशन योजना के कार्य कराने वाली फर्में प्रोजेक्ट मैनेजर की मनमानी का शिकार हैं। कार्यदाई संस्था एलएंटी कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर की मनमानी समेत अन्य सहयोगी भी योजना में धांधली कर रही हैं। तकरीबन 11 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से जिले में जल जीवन मिशन के कार्य हो रहे हैं। चहेतों के नाम करोड़ों की मजदूरी का फजीर्वाड़े से भुगतान किया है। पूर्व की बसपा सरकार में ग्राम समूह पेयजल योजना में भी करोड़ों का बंदरबाट हुआ था। आज भी जांच के नाम पर बडा खेल हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की सह पर ये खेल खेला जा रहा है।

# दुकानदार पर धोखाधडी का आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के गांधीगंज प्रयागराज रोड के रंजय मिश्रा पुत्र दीनबन्धु मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में धोखाधडी कर 41800 रुपये गबन करने का आरोप पहाडी थाना क्षेत्र के रामनरेश प्रजापति पर लगाया है। मंगलवार को गांधीगंज प्रयागराज रोड के रंजय मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि वह गिट्टी-बालू आपूर्ति का काम करता है। ट्रक चालक के पास 16 नवम्बर को फोन कर एक ट्रक बालू पहाडी थाना के पटिया कहेटा के रामनरेश प्रजापति ने दुकान में लाने को कहा।

अज्ञात व्यक्ति ने दुकानदार से बात कर ट्रक से बालू खाली कराई। आठ सौ फिट बालू दुकान पर 17 नवम्बर को गिरवा लिया। ट्रक चालक को किनारे खडा कर भुगतान देने को कहा। काफी देर बाद ट्रक चालक ने रामनरेश के फोन पर भुगतान देने को कहा तो दुकान में खडे व्यक्ति ने कहा कि जिसने आर्डर दिया है। उसने आनलाइन पेमेन्ट कर दिया है और चालक को गाली देकर भगा दिया। पीडित ने कहा कि मामले की सूचना थानाध्यक्ष पहाडी को दी है। थानाध्यक्ष ने दोनों के नम्बर पर बात की। इसके बाद थानाध्यक्ष ने उसे टरकाकर भगा दिया। पीडित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही की जाये।

### मत्स्य दिवस पर दी जानकारी

**चित्रकूट।** विश्व मत्स्य दिवस पर मत्स्य विभाग कार्यालय परिसर में हुई गोष्ठी में मत्स्य विभाग की योजनओं की जानकारी दी गई। मंगलवार को मत्स्य पालकों की समस्याओं का निस्तारण हुआ। गोष्ठी में सहायक निदेशक मत्स्य भानु चन्द्रा ने मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। निषाद पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश निषाद, जिलाध्यक्ष प्रेम निषाद व निषाद पार्टी के कार्यकताओं ने गोष्ठी में हिस्सा लिया। गोष्ठी में ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक किशन शर्मा, शेषनाथ, मत्स्य विकास अधिकारी दीपक मिश्रा, खेम चन्द्र, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# आज के मैच में सीतापुर ने जनसेवा को हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने पंडित दीनदयाल जन्म शताब्दी पर क्रिकेट प्रतियोगिता 20 नवंबर से करा रही है। प्रतियोगिता में दो टीमों का मैच हुआ था।

मंगलवार को भी टीमों के बीच मैच खेला गया। जनसेवा इंटर कॉलेज व सीतापुर के बीच मैच हुआ। जन सेवा इंटर कॉलेज ने 113 रन बनाए। जवाब में सीतापुर ने 115 रन बनाकर जन सेवा इंटर कॉलेज को पराजित किया। प्रेम ने 62 रन बनाए। दूसरे मैच में स्टेडियम वर्सेस सरस्वती मंदिर की बीच खेला गया। स्टेडियम ने 130 रन बनाए। जवाब में सरस्वती विद्या मंदिर 75 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। स्टेडियम के पुष्पराज ने 62 रन बनाए। बुधवार को सेमी फाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। सीतापुर टीम पहले ही फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। स्टेडियम बी टीम व सकल क्लब सेमीफाइनल में, जो भी टीम विजेता होगी। वह सीतापुर टीम से फाइनल खेलेगी। गुरुवार को सवेरे नौ बजे से बालिकाओं व बालक की एथलेटिक्स प्रतियोगितायें होंगी। जो खिलाड़ी 20 वर्ष आयु से कम हो, वह भाग ले सकते हैं। ये जानकारी क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने दी।

# इजराइल ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकी संगठन घोषित किया

**इजराइल**
इजराइल ने पाकिस्तान से संचालित होने वाले लश्कर-ए-तैयबा को आतंकी संगठन घोषित किया है। मुंबई में 26/11 आतंकी हमले की 15वीं वर्षगांठ से पहले इजराइल ने उसे आतंकी सूची में शामिल किया है। इजराइल के नई दिल्ली स्थित दूतावास ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत की ओर से इस संबंध में कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है,




लेकिन उसने सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। इजराइल की गैर-कानूनी आतंकी संगठन की सूची में लश्कर-ए-तैयबा को शामिल किया गया है। इजराइल का कहना है कि आतंकवाद से मुकाबले के लिए एक एकीकृत वैश्विक फ्रंट के महत्व को रेखांकित करते हुए ऐसा किया गया है।
बयान में कहा गया कि लश्कर-ए-तैयबा एक घातक संगठन है,जो भारत और अन्य देशों के कई नागरिकों की हत्या में शामिल रहा है। इजराइल ने मुंबई आतंकी हमले में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि एक शांतिपूर्ण भविष्य की आशा में हम सब एक हैं। उल्लेखनीय है कि मुंबई में 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से आए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 238 अन्य घायल हुए थे।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन बिना कार्यक्रम ट्रेन से यूक्रेन पहुंचे

**कीव**
अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन सोमवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के बिना यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच कर पश्चिमी देशों द्वारा जारी समर्थन का वादा एक बार फिर से दोहराया है। आस्टिन लायड की यह दूसरी कीव यात्रा है जब वे रूस के साथ जारी संघर्ष के बीच पहुंचे हैं। आस्टिन पोलैंड से कीव ट्रेन से पहुंचे। लायड इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के ठीक दो महीने बाद अप्रैल 2022 में गए थे। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि मैं यहां एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए आया हूं। रूसी आक्रामकता से मुक्ति पाने के लिए जारी यूक्रेन युद्ध में अमेरिका हमेशा उसके साथ है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी मुलाकात की और समर्थन की प्रतिबद्धता जताई। अमेरिका और उसके सहयोगी युद्ध में सफलता के लिए यूक्रेन को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का काम करते रहेंगे। उनका रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव और चीफ आफ स्टाफ जनरल वलेरी जालुझनी से मिलने का भी कार्यक्रम है।
अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि आस्टिन यूक्रेनी अधिकारियों को यह बताना चाहते थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन के अमेरिकी समर्थन दृढ़ है और जारी रहेगा। भले ही दुनिया का ध्यान पश्चिम एशिया की ओर आकर्षित हो और लगभग 21 महीने के युद्ध के कारण थकान के संकेत मिले हों। वहीं, रूस ने 2016 यूरोविजन संगीत प्रतियोगिता जीतने वाली एक यूक्रेनी गायका को वांछित सूची में शामिल किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के डेटाबेस में गायिका सुजाना जमालदीनोवा को आपराधिक कानून का उल्लंघन करने के आरोप में सूचीबद्ध किया गया है।

## भारत ने किया इजराइल-हमास संघर्ष में अल्प-विराम के प्रयासों का स्वागत

**संयुक्त राष्ट्र**
इजराइल-हमास संघर्ष में अल्प-विराम के प्रयासों, तनाव कम करने एवं फिलिस्तीन के लोगों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने की अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कोशिशों का स्वागत किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्ण सत्र की गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति को लेकर अनौपचारिक बैठक में कहा कि भारतीय नेतृत्व का संदेश स्पष्ट और तार्किक रहा है। कंबोज ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय के उन सभी कदमों का स्वागत करता है जो संघर्ष को कम करने की कोशिश करते हैं और फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता तत्काल मुहैया कराने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के सभी रूपों का दृढ़ता से विरोध करते हैं। हम स्पष्ट रूप से हिंसा के खिलाफ हैं। हम इस पक्ष में हैं कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन किया जाए, तनाव को और बढ़ने से रोका जाए, मानवीय सहायता पहुंचाना जारी रहे, सभी बंधकों को बिना शर्त रिहा किया जाए और सभी पक्ष शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली की दिशा में काम करें। कंबोज ने कहा कि इसी दिशा में हम युद्ध में मानवीय अल्प-विराम के प्रयासों का भी स्वागत करते हैं।

## पाकिस्तान में अफगान प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद चार लाख से ज्यादा लोग अफगानिस्तान लौटे



**इस्लामाबाद**
पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ अल्टीमेटम जारी करने और कार्रवाई के बाद चार लाख से ज्यादा अफगान नागरिक अपने देश लौट चुके हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में तालिबान नीत सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने संख्या की पुष्टि करते हुए बताया कि ज्यादातर लोग तोरखम और स्पिन बोलदक की सीमा को पार कर घर लौट रहे हैं। पाकिस्तान में जब अधिकारियों ने राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की घोषणा की तो उस समय अनुमानित 17 लाख अफगान लोग देश में थे। अधिकारियों ने बिना दस्तावेज के रह रहे लोगों को 31 अक्टूबर तक देश छोड़ने या फिर गिरफ्तारी का आदेश दिया था। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा था कि शरणार्थी के रूप में पंजीकृत 14 लाख अफगान लोगों को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह कार्रवाई बिना दस्तावेजों के रह रहे लोगों के खिलाफ की जा रही है। अफगानिस्तान में तालिबान नीत प्रशासन ने कहा कि वे लौटने वाले लोगों को आश्रय और भोजन मुहैया करा रहे हैं।

## कछार में बर्मीज सुपारी के साथ दो लोग गिरफ्तार

**कछार (असम)**
कछार पुलिस ने अवैध रूप से लाई जा रही बर्मीज सुपारी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक, जिसका पंजीकरण संख्या एएस-11सी-6421 है, को जिले के जतरापुर-भांगरपार में रोका गया। इसकी ली गई तलाशी के दौरान संदिग्ध बर्मीज सुपारी के 12 बैग बरामद किए गए। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वाहन और संदिग्ध सुपारी को विधिवत जब्त कर लिया गया। आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## बालिकाओं व महिलाओं ने वॉकथॉन से दिया मतदान का संदेश

**जोधपुर**
भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयपुर के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 में मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जिले में मतदान से पूर्व सतरंगी सप्ताह के छठे दिन मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग एवं राजीविका द्वारा ऑरेंज कलर एवं वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी थीम पर महिला अधिकारिता विभाग, आईसीडीएस विभाग एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में महिला वोटर को लक्षित करते हुए महिला मार्च एवं रंगोली का चित्रांकन कर मतदान का संदेश दिया गया। महिला मार्च को मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी अभिषेक सुराणा ने

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## उत्तरकाशी के निमार्णाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता : हसनैन

**उत्तरकाशी**
राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) सैयद अता हसनैन ने मंगलवार को कहा कि उत्तरकाशी के निमार्णाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। उन्हें बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसिया दिन-रात काम कर रही हैं। इस मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से भी मदद ली जा रही है। हसनैन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सुरंग में फंसे सभी 41 लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए कई तरह के प्रयास विशेषज्ञों की निगरानी में किए जा रहे हैं। मजदूरों तक पहुंचने के लिए पांच अलग-अलग जगहों से खुदाई अभियान चालू है। वहां पर फंसे लोगों को खाना, पानी, दवा आदि पहुंचाया गया है। हमें 06 इंच व्यास की पाइप लाइन के




सफलतापूर्वक मलबे के आरपार किए जाने व इसके माध्यम से भोजन एवं अन्य आवश्यक सामान श्रमिकों तक पहुंचाने में सफलता मिली है। वहां 04 इंच का पाइप पहले ही था, अब 06 इंच का पाइप पहुंचाने में सफलता मिली है। हसनैन ने कहा कि मौके पर एनडीआरएफ, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, सेना के इंजीनियर, एसडीआरएफ, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं, बीआरओ और भारत सरकार की अन्य तकनीकी एजेंसियां वहां काम कर रही हैं। सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजनों को उत्तरकाशी ले जाया जा रहा है। कुछ मजदूरों के परिजन वहां पहुंचे हैं। सुरंग में उत्तराखंड के 02, हिमाचल प्रदेश के 01, उत्तर प्रदेश के 08, बिहार के 05, पश्चिम बंगाल के 03, असम के 02, ओडिशा के 05 और झारखंड के सबसे अधिक 15 मजदूर फंसे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने कहा कि श्रमिकों को बचाने के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उत्तरकाशी के सिलक्यारा से बरकोट के बीच निमार्णाधीन सुरंग में 12 नवंबर को सिलक्यारा की तरफ सुरंग के 60 मीटर हिस्से में मलबा गिरने से सुरंग ढह गई थी जिसके चलते 41 श्रमिक फंस गए थे। फंसे हुए सभी 41 मजदूरों को बचाने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से तत्काल आवश्यक उपाय किए गए और जरूरी संसाधन जुटाए गए।
बचाव अभियान के शुरूआती चरण में मलबे के बीच से 900 मिमी की पाइप पहुंचाई गई और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के कारण एक साथ कई बचाव विकल्पों का पता लगाया गया। निर्माण से जुड़े कर्मी जहां पर फंसे हुए हैं उसकी ऊंचाई 8.5 मीटर और लंबाई 02 किलोमीटर है, जो निमार्णाधीन सुरंग का हिस्सा है। जगह की पर्याप्तता के चलते बिजली और पानी की आपूर्ति करने में आसानी हुई है और मजदूरों को सुरक्षा प्रदान करने में मदद मिली है।

## इजराइली सेना ने अल शिफा के बाद इंडोनेशियन अस्पताल को घेरा, जबालिया शिविर में भीषण लड़ाई

**यरुशलम**
इजराइली सेना ने गाजा पट्टी के अल शिफा अस्पताल पर कार्रवाई के बाद अब उत्तरी भाग में स्थित इंडोनेशियन अस्पताल को घेर लिया है। इजराइली टैंक अस्पताल के नजदीक गश्त कर रहे टैंक रुक रुककर फायरिंग भी कर रहे हैं। इस फायरिंग में 12 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की सूचना है। मिस्र की सीमा के नजदीक बसे रफाह कस्बे पर इजराइली सेना की बमबारी में 14 लोगों के मारे जाने की सूचना है। बंधकों की रिहाई के बदले सीमित समय के युद्धविराम के लिए जारी वार्ता के बीच गाजा में लड़ाई जारी है। गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर जबालिया में हमास लड़ाकों और इजराइली सेना के बीच भीषण लड़ाई जारी है। वहां पर इजराइली विमानों ने बमबारी भी की है। एक लाख की आबादी वाला शिविर का यह इलाका हमास के प्रभाव वाला है। इस बीच, अल शिफा अस्पताल से निकाले गए 31 समय से पहले पैदा हुए नवजात शिशुओं को पड़ोसी देश मिस्र ले जाया गया है।



इन नवजात शिशुओं को मोबाइल इन्क्यूबेटर में रखकर मिस्र के अस्पताल तक पहुंचाया गया है। मिस्र के रास्ते 61 फिलिस्तीनी मरीज तुर्किये पहुंचे हैं, उनका वहां के अस्पतालों में इलाज होगा। इंडोनेशियन अस्पताल में फायरिंग और गोलाबारी के बीच 700 मरीज भर्ती हैं। इस अस्पताल में भी हजारों की संख्या में बेघर हुए क्षेत्रीय लोगों ने शरण ले रखी है। लड़ाई के बीच वहां का संचार संपर्क टूट गया है। वहां की स्थिति के बारे में इजराइली सेना ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। वैसे सेना ने अभी अस्पताल में प्रवेश नहीं किया है। इजराइली सेना के अनुसार, वह केवल हमास के आतंकियों और उनके ठिकानों को निशाना बना रही है। लड़ाई में हमास के आमजनों को ढाल बनाए जाने से कठिनाई हो रही है और कार्रवाई में आम फलस्तीनी बेवजह मारे जा रहे हैं। इजराइली सेना ने ताजा लड़ाई में हमास के तीन कमांडरों के मारे जाने की जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, गाजा के उत्तर-पूर्वी हिस्से के बीत लाहिया कस्बे पर इजराइली सेना ने टैंकों से गोलाबारी की है, इसमें बड़ी संख्या में आमजनों के मारे जाने की खबर है। सात अक्टूबर से गाजा में जारी इजरायली हमलों में अभी तक 13 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं जिनमें से दो तिहाई से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। हमास के जवाबी हमलों में 65 इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इजराइली सेना ने हमास से जारी लड़ाई के चलते आमजनों से उत्तरी गाजा खाली कर देने के लिए कहा है। इलाके से आठ लाख से ज्यादा लोग दक्षिणी गाजा जा चुके हैं, लेकिन अभी भी कई लाख लोग उत्तरी इलाके में हैं। इन्हीं में से दसियों हजार ने अपने घर छोड़कर विभिन्न अस्पतालों में शरण ले रखी है। वहां पर उन्हें इजरायली हमलों से बचे रहने की उम्मीद नजर आ रही है, लेकिन छह हफ्तों से जारी लड़ाई के बाद अब इन अस्पतालों का भी बुरा हाल है। पानी, बिजली और दवाइयों के अभाव से जूझ रहे इन अस्पतालों तक लड़ाई पहुंच गई है। अब मरीजों का अस्पताल में बने रहना मुश्किल हो रहा है।

## नेपाल: राजतंत्र समर्थकों के प्रदर्शन के मद्देनजर काठमांडू में निषेधाज्ञा लागू

**काठमांडू,**
नेपाल में मौजूदा शासन व्यवस्था के विरोध में तथा राजतंत्र पुनर्बहाली की मांग को लेकर काठमांडू में 23 नवंबर को होने वाले प्रदर्शन को देखते हुए अधिकांश स्थानों पर निषेधाज्ञा लगा दी गई है। इस प्रदर्शन के विरोध में प्रमुख विपक्षी दल के युवा संगठन ने भी अलग से शक्ति प्रदर्शन करने की घोषणा कर सरकार और प्रशासन की नींद उड़ा दी है। गणतंत्र, संघवाद, धर्मनिरपेक्षता को खारिज कर देश में संवैधानिक राजतंत्र की पुनर्बहाली की मांग करते हुए राजतंत्र समर्थकों ने काठमांडू में शक्ति प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे दुर्गा प्रसाईं ने 50 हजार लोगों के काठमांडू पहुंचने का दावा किया है। प्रसाई ने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले प्रदर्शन में आने वाले समर्थकों के रहने खाने की सभी




व्यवस्था कर ली गई है। काठमांडू में संसद भवन के पास शक्ति प्रदर्शन करने की बात कही गई है। राजतंत्र के समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन को टक्कर देने के लिए प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) से संबद्ध युवा संगठन ने उसी दिन उसी समय और उसी स्थान पर शक्ति प्रदर्शन करने की घोषणा की है। एमाले के नेता महेश बस्नेत ने अपने नेतृत्व में 70 हजार कार्यकताओं को सड़क पर उतारने की घोषणा की है। महेश बस्नेत का कहना है कि देश की वर्तमान व्यवस्था को बचाने, गणतंत्र और संघवाद की रक्षा के लिए उनका प्रदर्शन होने वाला है। दो अलग-अलग गुटों द्वारा एक ही समय और एक ही स्थान पर शक्ति प्रदर्शन की घोषणा के बाद काठमांडू प्रशासन ने संसद भवन के आसपास सहित राजधानी के 22 से अधिक स्थानों पर एक महीना के लिए निषेधाज्ञा लगाने की घोषणा की है। काठमांडू जिला प्रशासन ने दोनों गुटों के एक ही स्थान पर होने वाले प्रदर्शन पर रोक लगाते हुए दो अलग-अलग स्थान सुनिश्चित किया है। राजधानी की सुरक्षा समिति की बैठक के बाद संसद भवन के आसपास सहित, सिंहदरबार, राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति निवास, प्रधानमंत्री निवास, मंत्रियों के आवासीय क्षेत्र, सैन्य मुख्यालय, पुलिस हेडक्वार्टर सहित सभी प्रमुख स्थानों पर निषेधाज्ञा लगाई गई है।
काठमांडू के प्रमुख जिलाधिकारी जीतेन्द्र बस्नेत ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राजधानी में 10 हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। देशभर से आने वाले प्रदर्शनकारियों को काठमांडू में प्रवेश स्थानों पर ही रोकने का निर्देश दिया गया है। प्रमुख जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों को अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन करने को कहा गया है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकी ढेर

**पेशावर**
पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों (आईबीओ) में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। आईएसपीआर एक बयान में कहा कि डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची क्षेत्र में एक आईबीओ आयोजित किया गया था, जिसके बाद 20 नवंबर को गहन गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए थे। दक्षिणी वजीरिस्तान के कोट आजम जनरल इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान एक और आतंकवादी को मार डाला गया। आईएसपीआर ने कहा, "मारे गए तीनों आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया, जो सुरक्षा बलों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।"
इस बीच, रावलपिंडी के रहने वाले 26 वर्षीय सिपाही शाहजेब की उत्तरी वजीरिस्तान जिले के घरयूम के सामान्य क्षेत्र में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट के बाद मौत हो गई। बयान में कहा गया, "क्षेत्र में मौजूद किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए सफाई अभियान चलाया जा रहा है, क्योंकि पाकिस्तान के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर सैनिकों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।"

## उत्तर कोरिया की जासूसी सेटेलाइट लॉन्च होने के बाद जापान ने जारी की आपातकालीन चेतावनी

**टोक्यो,**
उत्तर कोरिया की जासूसी सेटेलाइट लॉन्च करने के बाद दक्षिण कोरिया और जापान ने आपातकालीन चेतावनी जारी की है। दोनों देशों ने आशंका जताई है कि इस सेटेलाइट के कक्षा में स्थापित होने के बाद संभावित खतरा बढ़ गया है। जापान ने जे-अलर्ट प्रसारण प्रणाली पर चेतावनी जारी करते कहा कि उत्तर कोरिया ने एक मिसाइल दागी है जो ओकिनावा के दक्षिणी प्रांत के निवासियों के लिए खतरा हो सकता है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के कार्यालय के अनुसार, टोक्यो ने सेटेलाइट को मार गिराने की तैयारी में जवाबी उपाय तैनात कर दिए हैं। ओकिनावा के मियाको, इशिगाकी और योनागुनी द्वीपों पर पीएसी-3 जमीन आधारित मिसाइल-रक्षा बैटरियां भेजी हैं और समुद्री आत्मरक्षा बल एजिस विध्वंसक को भी तैनात किया गया है, जो एसएम-3 इंटरसेप्टर से लैस है। मालूम हो कि इस साल जासूसी सेटेलाइट लांच करने का उत्तर कोरिया का यह तीसरा प्रयास है। इससे पहले मई और अगस्त में वह दो प्रयासों में विफल हो चुका है। मंगलवार सुबह को उत्तर कोरिया ने जापान के तटरक्षक को सूचित करते कहा था वह 22 और 30 नवंबर के बीच किसी भी समय सेटेलाइट लॉन्च कर सकता है।

## नेपाल के भूकम्प पीड़ितों के लिए भारत ने राहत सामग्री की चौथी खेप भेजी



**काठमांडू**
नेपाल के जाजरकोट और रूकुम पश्चिम जिले के भूकम्प पीड़ितों के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति के साथ चौथे खेप की भूकंप राहत सामग्री भारत से नेपाल पहुंच गई है। ये राहत सामग्री आज मंगलवार को भारतीय दूतावास की ओर से नेपाल सरकार को सौंपी गई।
काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के मुताबिक, भारत ने नेपाल मेडिकल एसोसिएशन की मांग के मुताबिक ये राहत सामग्री मुहैया कराई है। इन राहत वस्तुओं में आवश्यक दवाएं और उपकरण शामिल हैं। बीते 03 नवम्बर को जाजरकोट और उसके आसपास आए भूकंप से प्रभावित परिवारों को भारत सरकार के तरफ से अब तक 34 टन से अधिक आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की जा चुकी है।
भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूकम्प के तुरंत बाद ही नेपाल के भूकम्प पीड़ित लोगों के लिए हर आवश्यक सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि भारत सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति और प्रधानमंत्री मोदी की नेपाल को सहयोग देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि जाजरकोट भूकंप में भारत द्वारा प्रदान की गई मानवीय सहायता से हुई है।